वर्ष : 17 अंक: 58 | आगरा | मंगलवार 10 जून 2025 | पृष्ठ: 8 मूल्य: 2 रु.



उत्तरप्रदेश,मध्यप्रदेश,छत्तीसगढ़,नई दिल्ली व राजस्थान से एक साथ प्रकाशित

# सांध्य पहल

उत्तरप्रदेश में सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला हिन्दी दैनिक

आज का तापमान
अधिकतम 64 डिग्री
न्यूनतम 30 डिग्री

# हिसार से चंडीगढ़ के लिए पहली फ्लाइट उड़ी-सीएम ने भी सफर किया

## सैनी बोले: जल्द जयपुर, जम्मू और अहमदाबाद के लिए शुरू होगी





चंडीगढ़/हिसार (ए.)।

हरियाणा के हिसार एयरपोर्ट से चंडीगढ़ के लिए सोमवार को पहली फ्लाइट ने उड़ान भरी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने फ्लाइट को हरी झंडी दिखाई और खुद भी चंडीगढ़ के लिए रवाना हुए। इसके लिए नायब सैनी ने पहले ही टिकट बुक करा ली थी। उनके साथ नागरिक उड्डयन मंत्री विपुल गोयल, कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा, राज्य मंत्री राजेश नागर, विधायक रणधीर पनिहार, विधायक विनोद भयाणा, विधायक सावित्री जिंदल, प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली समेत अन्य नेताओं ने भी इस फ्लाइट में सफर किया।

### देश में 150 से ज्यादा एयरपोर्ट बने:

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि यह गर्व की बात है कि हरियाणा को पहला हवाई अड्डा मिला है, जो पीएम मोदी ने प्रदेश को दिया है। मोदी सरकार के 11 वर्ष गौरवशाली रहे हैं, और इन 11 सालों को उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। मोदी जी के नेतृत्व में 150 से ज्यादा एयरपोर्ट बने हैं, साथ ही आईआईटी और आईआईएम भी बने हैं, जो देश के लिए गर्व की बात है। 2047 तक भारत एक विकसित राष्ट्र बनेगा।

### 2047 तक हिसार की तस्वीर बदलेगी:

CM सैनी ने कहा कि 2047 में हिसार की तस्वीर भी बदली हुई नज़र आएगी। विकसित हरियाणा की दिशा में काम किया जा रहा है, और यह उड़ान सभी के लिए है, जिसका लाभ प्रदेश के सभी लोग लेंगे। आने वाले समय में हिसार से जयपुर, अहमदाबाद, और जम्मू के लिए भी यात्राएं शुरू होंगी। समय-समय पर यह एयरपोर्ट आगे बढ़ेगा और यहां इंडस्ट्रियल हब भी बनेगा। हमें सार्थक तरीके से आगे बढ़ना है और प्रदेश को नई ऊंचाइयों पर ले जाना है।

### नौकरियों में पहले माल चलता था:

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश सरकार की नौकरियों में अपनाई जाने वाली पारदर्शिता का जिक्र करते हुए कहा कि पहले तो इसमें पूरा माल चलता था, अब कमाल है। उन्होंने कहा कि 15 मेडिकल कॉलेज प्रदेश में बनकर तैयार हो गए हैं। उनके समय में 700 एमबीबीएस की सीटें थीं, लेकिन आज व्यवस्था बदली है, और हरियाणा में यह सीट 2500 हो गई है, जो 2029 तक 3500 तक चली जाएगी।

# मोदी सरकार के 11 वर्ष की आज गिनाई जाएंगी उपलब्धियां, सीएम योगी अभियान की करेंगे शुरुआत

लखनऊ। (ए.)।

केंद्र की मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे होने के मौके पर 10 से 21 जून तक प्रदेश व्यापी अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान विकसित भारत का अमृतकाल एवं सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्षों पर केंद्रित होगा। पहले दिन मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पत्रकार वार्ता करेंगे और प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। सरकार की उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी सभी जिलों में लगाई जाएगी, प्रबुद्ध समागम होगा व इंटरनेट मीडिया पर सक्रिय लोगों के लिए डिजिटल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। मंडल स्तर पर विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन होगा व शक्ति केंद्रों पर चौपाल आयोजित की जाएंगी।



मुख्यमंत्री की प्रेस कान्फ्रेंस के बाद जिला स्तर पर 11 व 12 जून को प्रेस कान्फ्रेंस होंगी। इसमें पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, सरकार के मंत्री या सांसद संबोधित करेंगे। जिलों में प्रबुद्ध समागम होगा। इसमें तीन अलग-अलग वक्ता तीन विषयों पर बोलेंगे।

इसमें विकसित भारत की संकल्पना एवं हमारी भूमिका, सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष एवं सशक्त भारत-सुरक्षित भारत विषय हैं। इसके वीडियो इंटरनेट मीडिया पर भी अपलोड किए जाएंगे। इंटरनेट मीडिया से जुड़े लोगों के लिए डिजिटल प्रतियोगिता %बदलता भारत मेरा अनुभव% विषय पर कराई जाएगी। मायजीओवी (द्व4त्नश1) पोर्टल पर जाकर शार्ट वीडियो, ब्लाग व क्विज में हिस्सा ले सकेंगे।

13 से 15 जून तक मंडल स्तर पर विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान उपस्थित लोगों को विकसित भारत के लिए संकल्प दिलाने के साथ ही संकल्प की प्रति भी भेंट की जाएगी। शक्ति केंद्रों पर चौपाल कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

नगरीय क्षेत्रों में मोहल्ला चौपाल एवं पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन होगा। इसमें आयुष्मान योजना के कैंप लगाए जाएंगे जिसमें 70 वर्ष से अधिक उम्र के नागरिकों का पंजीकरण कराने के साथ ही उन्हें आयुष्मान कार्ड वितरित किया जाएगा। यहां उपस्थित लोगों को विकसित भारत का संकल्प दिलाया जाएगा। प्रत्येक चौपाल में पांच लाभार्थियों के अनुभव का वीडियो रिकार्ड कर उसे इंटरनेट मीडिया पर अपलोड किया जाएगा। भाजपा कार्यकर्ता मोदी सरकार की 11 वर्ष की उपलब्धियों से जुड़े साहित्य घर-घर पहुंचाएंगे।

## तहव्वुर राणा को कोर्ट से राहत, मिल गई परिवार से बात करने की अनुमति

**नईदिल्ली,ए.।** मुंबई में 26/11 आतंकी हमले की साजिश को अंजाम देने वाले तहव्वुर राणा को सोमवार को दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने उसकी फोन पर परिवार से बातचीत करने की मांग वाली याचिका को स्वीकार करते हुए उसे बात करने की अनुमति दे दी है। बता दें कि राणा ने विदेशी नागरिक होने और उसके परिवार को उसकी स्थिति जानने का अधिकार होने का हवाला देते हुए बातचीत की अनुमति मांगी थी। कोर्ट ने राणा को परिवार से फोन पर बात करने की अनुमति देते हुए कहा कि टेलीफोन कॉल का संचालन जेल नियम के अनुसार और तिहाड़ जेल प्राधिकरण की निगरानी में किया जाएगा। इसी तरह कोर्ट ने अधिकारियों को 10 दिनों में राणा के स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों की दूसरी रिपोर्ट और राणा को नियमित रूप से फोन कॉल करने की अनुमति देने या न देने पर उनके स्पष्ट रुख की रिपोर्ट दाखिल करने के भी आदेश दिए हैं।

## बेंगलुरु में इंजीनियर ने प्रेमिका को 17 बार चाकू मारा: 2 बच्चों की मां की मौत

### दूसरी घटना- पत्नी का कटा सिर लेकर थाने पहुंचा पति

बेंगलुरु (ए.)।

बेंगलुरु से हत्या की दो घटनाएं सामने आई हैं। टेक इंजीनियर यशस (25 साल) ने अपनी प्रेमिका हरिनी (33 साल) की चाकू मारकर हत्या कर दी। घटना 6-7 जून की रात पूर्णा प्रजना लेआउट के OYO होटल के कमरे में हुई। दोनों एक-दूसरे को एक महीने से जानते थे। DCP साउथ लोकेश बी जगलासर ने बताया कि महिला आरोपी से रिश्ता खत्म करना चाहती थी और दूरी बना रही थी। इसी बात से गुस्साए आरोपी यशस ने उसपर चाकू से 17 बार हमला किया।



आरोपी, यशस (25 साल)

## ISS जाने से पहले शुभांशु शुक्ला की फाइनल रिहर्सल: आज इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन के लिए रवाना होंगे



### ऐसा करने वाले पहले भारतीय बनेंगे

नई दिल्ली(ए.)।

इंडियन एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला एक्सिओम मिशन 4 के तहत कल 10 जून को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (ISS) जाएंगे। इससे पहले रविवार को शुभांशु ने फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल की।

इसमें असेंबली बिल्डिंग से रॉकेट तक जाने और उसमें बैठने के प्रोसेस को फॉलो किया। इस दौरान शुभांशु ने कहा- यह एक बेहतरीन यात्रा रही है। ये पल बताते हैं कि आप किसी ऐसी चीज का हिस्सा बनने जा रहे हैं जो आपके खुद से बहुत बड़ी है। मैं बस इतना कह सकता हूं कि मैं बहुत सौभाग्यशाली हूं कि मुझे मिशन का हिस्सा बनने का अवसर मिला।

एक्सिओम मिशन 4 ((A&-4) में चार देशों के चार एस्ट्रोनॉट 14 दिन के लिए स्पेस स्टेशन जाने वाले हैं। यह मिशन 10 जून 2025 को शाम 5:54 बजे लॉन्च होगा। शुभांशु ढ्ढस्स् पर जाने वाले पहले और स्पेस में जाने वाले दूसरे भारतीय होंगे। इससे पहले राकेश शर्मा ने 1984 में सोवियत यूनियन के स्पेसक्राफ्ट से अंतरिक्ष यात्रा की थी।

## केरल में सिंगापुर के कार्गो शिप में आग लगी 22 क्रू मेंबर्स में से 5 घायल, 4 लापता

### इंडियन कोस्ट गार्ड के 6 शिप रेस्क्यू में जुटे

कोच्चि (ए.)।

केरल के कोच्चि में सिंगापुर के कार्गो शिप MV WAN HAI 503 में सोमवार सुबह आग लग गई। कार्गो श्रीलंका के कोलंबो पोर्ट से 7 जून को रवाना हुआ था। इसे 10 जून को नवी मुंबई के जवाहरलाल नेहरू पोर्ट (न्हावा शेवा पोर्ट) पहुंचना था। इंडियन कोस्ट गार्ड के मुताबिक घटना के दौरान कार्गो पर 18 क्रू मेंबर्स सवार थे। इनमें से 4 मेंबर्स लापता बताए जा रहे हैं, 5 घायल हैं। न्यू मंगलौर के पास इंडियन कोस्ट गार्ड के शिप- राजदूत, अर्नवेश, सचेत, समुद्र प्रहरी, राजदूत और सी-144 रेस्क्यू में जुटे हैं। इंडियन नेवी का INS सूरत भी ऑपरेशन में शामिल है। कोच्चि के नेवी एयर स्टेशन INS गरुड़ से नेवी डोर्नियर प्लेन की मदद की लेने की तैयारी की जा रही है।



### नड्डा बोले- पहले की सरकार भ्रष्टाचार-निगेटिविटी से भरी थी:

## मोदी सरकार में ये भावना बदल गई; नोटबंदी में लोग सरकार के सपोर्ट में लाइनों में लगे

नई दिल्ली (ए.)।



मोदी सरकार के सोमवार को 11 साल पूरे हो गए। इस मौके पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सरकार के कामकाज, फैसलों और नीतियों पर भाजपा हेडक्वार्टर में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा- नोटबंदी के दौरान विपक्षी पार्टियां जनता को भड़का रही थीं, लेकिन लोग सरकार के सपोर्ट में लाइनों में लगे थे। लोगों को मोदी जी की लीडरशिप पर भरोसा था।

नड्डा ने कहा- देश ने मान लिया था कि अनुच्छेद 370 हटाना मुमकिन नहीं है, लेकिन मोदी सरकार ने कर दिखाया। जम्मू-कश्मीर में लोकसभा चुनाव के दौरान 58.46% वोटिंग हुई, वहीं विधानसभा चुनाव में 63त्न वोट पड़े। यह बदलाव मोदी सरकार के साहसी फैसले का नतीजा है।

मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया ङ्ग पर वीडियो पोस्ट किया। साथ ही उन्होंने लिखा, हमारी सरकार की योजनाओं के केंद्र में गरीब भाई-बहनों के साथ जन-जन का कल्याण हो रहा है। हमने पूरी निष्ठा और सेवाभाव के साथ लोगों की जिंदगी आसान बनाने की कोशिश की है। एक दिन पहले रविवार को मोदी ने कहा था कि उज्ज्वला योजना ने लाखों घरों को धुएं से मुक्ति दिलाई। मुद्रा योजना से महिलाओं को खुद का बिजनेस शुरू करने का मौका मिला। प्रधानमंत्री आवास योजना में महिलाओं के नाम पर घर देने से उन्हें संपत्ति में हिस्सेदारी मिली।

## गोवा के स्वास्थ्य मंत्री ने डॉक्टर से माफी मांगी: निलंबन वापस लिया

### मेडिकल कॉलेज में सबके सामने डांटा, कहा था- जुबान पर कंट्रोल करना सीखिए

पणजी (ए.)।



गोवा के स्वास्थ्य मंत्री विश्वजीत राणे ने गोवा मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पीटल (GMCH) में एक डॉक्टर से बदसलूकी करने के मामले में सोमवार को माफी मांग ली। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर कहा कि मैंने हीट ऑफ द मूमेंट में जिस तरह से स्थिति को हैंडल किया, उसका मुझे बहुत दुख है। दरअसल, स्वास्थ्य मंत्री राणे ने 7 जून को GMCH का औचक निरीक्षण किया था। इस दौरान उन्होंने ड्यूटी पर तैनात डॉ. रुद्रेश कुट्टीकर पर मरीजों के साथ गलत व्यवहार करने का आरोप लगाया और सबके सामने फटकार लगाई। उन्होंने डॉक्टर को सस्पेंड करने का आदेश भी दे दिया था। हालांकि, गोवा सरकार ने सस्पेंशन वापस ले लिया है।

## जनजातीय कोल समाज प्राचीन काल से ही अपनी वीरता एवं गंभीरता के लिए जाना जाता है : मुख्यमंत्री

### भगवान बिरसा मुण्डा की जीवनी स्कूली पाठ्यक्रम में होगी शामिल

### 13 जिलों में माता शबरी के नाम पर रखा जाएगा कन्या शिक्षा परिसरों का नाम

भोपाल ब्यूरो।




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जनजातीय समाज का समृद्ध एवं गौरवशाली इतिहास रहा है, समाज ने देश की स्वतंत्रता एवं विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। जनजातीय कोल समाज प्राचीन काल से ही अपनी वीरता एवं गंभीरता के लिए जाना जाता है। जनजातीय समाज के अनेक नायकों ने अपना बलिदान देकर जल, जंगल, जमीन एवं अंग्रेजों से लड़कर देश की स्वतंत्रता में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। प्रदेश सरकार पूरे प्रदेश में जहां कोल जनजाति के लोग निवासरत हैं और जिनके पट्टे नहीं बने हैं, जांच कराकर पट्टा देने का कार्य किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने क्रांतिकारी देशभक्त जनजातीय महानायक भगवान बिरसा मुण्डा की बिरसा मुण्डा मेडिकल कॉलेज शहडोल में प्रतिमा तथा बाणसागर जलाशय में बाणभट्ट की प्रतिमा स्थापित करने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जनजातीय समाज के बेटा, बेटियों की शिक्षा तथा कोचिंग का खर्च सरकार उठाएगी। प्रदेश के सभी संभागों में 24-24 करोड़ के लागत वाले 100-100 सीटर बालक एवं बालिका छात्रावास एवं परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र खोले जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ब्यौहारी में राज्य स्तरीय कोल जनजातीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने 330 करोड़ रूपए लागत के 55 विकास कार्यों का लोकार्पण ओर 52 कार्यों का भूमिपूजन किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का आज 11 वर्ष का कार्यकाल पूरा हुआ है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में देश का मान एवं सम्मान पूरी दुनिया में बढ़ा है। उन्होंने समाज के सभी वर्गों के विकास में कोई कसर बाकी नहीं रखी है। देश का तेजी से विकास हो रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के 4 मिशन गरीब, युवा,नारी एवं अन्नदाता के विकास के लिए प्रदेश सरकार संकल्पित है। उन्होंने कहा कि 4 करोड़ लोगों को पक्के आवास दिए गए हैं। जो लोग छूट गए हैं उनका भी सर्वे कर पक्के आवास देने का कार्य सरकार करेगी।

### जनजातीय नायकों का स्मरण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राजा भभूतसिंह के योगदान का स्मरण भी किया। राजा भभूतसिंह के सम्मान में उनके शासन केंद्र पचमढ़ी में कैबिनेट बैठक का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कौल समाज में अनेक गौरवशाली व्यक्तित्व रहे हैं इनमें बुधु भगत और मदारा महतो भी शामिल हैं। कौल समाज इनके कृतित्व से गौरवान्वित है।

वर्ष 1831 और 1832 में इन जनजातीय नायकों के नेतृत्व में अंग्रेजों के अत्याचारों के विरूद्ध संघर्ष किया था। कौल समाज के बंधुओं ने भगवान श्रीराम के लिए पर्णकुटी बनाई थी। यह देश भक्त समाज है। जनजातीय समाज का इतिहास ऐसे महापुरूषों से गौरवशाली है। रानी दुर्गावती के सम्मान में सिंग्रामपुर में भी कैबिनेट बैठक आयोजित की गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राज्य स्तरीय कोल जनजातीय सम्मेलन का दीप प्रज्ज्वलन, कन्या पूजन तथा भगवान बिरसा मुण्डा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक, रामविलास शर्मा द्वारा पहल प्रिंटर्स प्लाट नं. 27 बांके सैंथिया टाउन मौजा ककुआ आगरा, उत्तरप्रदेश से मुद्रित व 192,मानस नगर शाहगंज बोदला रोड आगरा (उत्तरप्रदेश) से प्रकाशित। संपादक- रामविलास शर्मा मोबा.-9329077393
स्थानीय संपादक- संतोष शर्मा मो.97202 02708, email-sandhyapahal@yahoo.com आर.एन.आई.पंजीयन क्रमांक UPHIN/2008/25338 सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र मुरैना ही रहेगा।

# अध्यक्ष राज्य महिला आयोग उ.प्र. डॉ.बबीता चौहान ने नवीन सर्किट हाउस में की महिला जनसुनवाई

**जनसुनवाई में मथुरा,अलीगढ़ फिरोजाबाद आदि जनपदों के प्राप्त प्रकरणों पर संबंधित थानाध्यक्षों से दूरभाष पर वार्ता कर त्वरित कार्यवाही के दिए निर्देश, जनपद में अभियान चलाकर लिखा जाए टैक्सी, ओला, उबर आदि पब्लिक ट्रांसपोर्ट वाहन चालकों की सीट के पीछे चालक का नाम, पहचान,मोबाइल नंबर- मा. राज्य महिला आयोग अध्यक्ष, थानों में महिला फरियादियों की प्राप्त शिकायतों को गंभीरता सुनें, जांच कर, करें प्रभावी कार्यवाही, टालमटोल करने बालों के विरुद्ध होगी कार्यवाही- डॉ. बबीता चौहान, पीड़ित महिलाओं की कोई आवाज अनसुनी नहीं होगी न दबाई जाएगी-मा. राज्य महिला आयोग अध्यक्ष, सुनवाई में घरेलू हिंसा, मारपीट व महिलाओं संबंधी अपराधों तथा महिलाओं संबंधी सरकारी पारिवारिक लाभ योजनाओं में त्वरित प्रभावी कार्यवाही न करने, तथा कंप्लायंस रिपोर्ट ससमय उपलब्ध न कराने पर संबंधित के विरुद्ध जताई सख्त नाराजगी, सभी अधिकारी,महिलाओं संबंधी प्रकरणों में संवेदनशीलता से शीघ्र, प्रभावी करें कार्यवाही**

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्षा श्रीमती बबीता सिंह चौहान जी ने नवीन सर्किट हाउस में महिला जन सुनवाई की तथा महिला उत्पीड़न तथा सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का लाभ महिलाओं तक पहुंचाने हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में सर्व प्रथम जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा मा.अध्यक्ष महोदया का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया, तत्पश्चात मा.अध्यक्ष महोदया द्वारा विगत समीक्षा बैठक तथा जनसुनवाई में आए प्रकरणों पर की गई कार्यवाही व अनुपालन आख्या को तलब किया, स्वास्थ्य विभाग द्वारा ससमय विगत बैठक में दिए निर्देशों के प्रभावी अनुपालन व कंप्लायंस रिपोर्ट प्रस्तुत करने पर सराहना की गई तथा अन्य संबंधित विभागों द्वारा ससमय गुणवत्तापूर्ण निस्तारण न करने तथा विभागीय प्रगति रिपोर्ट न प्राप्त होने पर कड़ी आपत्ति जताते हुए संबंधित अधिकारीगण को कड़ी फटकार लगाई एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देशित किया कि जनसुनवाई के दिन से एक सप्ताह में प्राप्त आवेदन तथा दिए निर्देशों की अनुपालन रिपोर्ट व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण आख्या उपलब्ध कराएं, जन सुनवाई की समय से अनुपालन आख्या उपलब्ध न कराने वाले अधिकारियों को चिह्नित करने के कड़े निर्देश दिए मा.अध्यक्ष महोदया ने कहा कि ऐसे सभी अधिकारियों के विरुद्ध उनके विभाग को सूचित कर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। पुलिस व प्रशासन विभाग के अनुपस्थिति अधिकारियों के स्थान पर अधीनस्थ अधिकारियों की बैठक में उपस्थिति पर मा. अध्यक्ष महोदया द्वारा कड़ी आपत्ति व्यक्त की तथा आगामी बैठक में सभी थानों से सक्षम अधिकारी के उपस्थिति रहने के कड़े निर्देश दिए। बैठक में स्वास्थ्य विभाग की अनुपालन आख्या में बताया गया कि ब्लॉक स्तर पर चिकित्सा अधीक्षकों द्वारा आशा कार्यत्रियों के कार्यों में गति लाने हेतु समय-समय पर समीक्षा बैठक आयोजित की जा रही हैं तथा आशा कार्यत्रियों द्वारा घर-घर जाकर महिलाओं को चिकित्सीय सुविधाओं के प्रति जागरूक किया जा रहा है,जननी सुरक्षा योजनान्तर्गत पात्र लाभार्थियों का भुगतान हेतु माह मई, 2025 में बजट प्राप्त हो चुका है। लाभार्थियों के भुगतान सुनिश्चित किया जा रहा है,पुलिस द्वारा अपहर्ता / लैंगिक अपराध की पीड़िताओं के चिकित्सीय परीक्षण (मेडिकोलीगल) हेतु चिकित्सकों की ड्यूटी रोस्टरवार निर्धारित करते हुए जिला महिला चिकित्सालय, आगरा एवं सामु0स्वा0केन्द्र, बाह आगरा पर नियमित रूप से सम्पादित किये जा रहे हैं, श्रम विभाग की अनुपालन आख्या में बताया गया कि काम-काजी महिलाओं के कार्यस्थल पर यौन उत्पीडन के व उनके यौन



उत्पीड़न से संबंधित शिकायतों के निस्तारण व इससे संबंधित अन्य प्रकरणों में The Se&ual harassement of Woman at work place evention, prohibition and redressal) Act, 2013 के अन्तर्गत सभी कारखानों/प्रतिष्ठानों, पर कर्मचारियों की संख्या 10 से अधिक है, तथा अन्यून एक महिला भी नियोजित/कार्यरत है, वहाँ आन्तरिक शिकायत समिति का गठन किये जाने हेतु निर्देशित कर दिया गया है तथा बैठक में जिन कारखानों / प्रतिष्ठानों में उक्त समिति का गठन कर लिया गया है की सूची प्रदान की गई। बैठक में बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा में मा.अध्यक्ष महोदया द्वारा सभी कस्तूरबा विद्यालयों में बालिका छात्रावासों, शौचालयों में उच्च साफसफाई, वेंडिंग मशीनों का ठीक संचालन करने तथा महिला स्टाफ को ही लगाने के कड़े निर्देश दिए तथा जनपद में स्थित सभी कस्तूरबा विद्यालयों की सूची प्राप्त की। मा.अध्यक्ष महोदया ने जनपद में अभियान चलाकर सभी टैक्सी, ओला, उबर आदि पब्लिक ट्रांसपोर्ट वाहन चालकों की सीट के पीछे चालक का नाम, पहचान,मोबाइल नंबर लिखे जाना सुनिश्चित किए जाने हेतु संबंधित को निर्देशित किया। आज जनसुनवाई में 46 आवेदन प्राप्त हुए जिन पर संबंधित को प्रभावी कार्यवाही कर निस्तारण की आख्या उपलब्ध कराने को निर्देशित किया।जन सुनवाई में अधिकांश मामले घरेलू हिंसा, उत्पीड़न व छेड़छाड़ के रहे, मा. अध्यक्ष महोदया द्वारा मथुरा,अलीगढ़ फिरोजाबाद आदि जनपदों के प्राप्त प्रकरणों पर संबंधित थानाध्यक्षों से दूरभाष पर वार्ता कर त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए। मा.अध्यक्ष महोदया ने कहा कि ÷ पीड़ित महिलाओं की कोई आवाज अनसुनी नहीं होगी न दबाई जाएगी।प्राप्त हर शिकायत पर पीड़ित को गंभीरता से सुनने,जांच कर तुरंत कार्यवाही करने के निर्देश दिए। पुलिस विभाग तथा अन्य विभागों द्वारा महिला अपराध संबंधी प्रकरणों तथा पारिवारिक लाभ योजनाओं से पात्र गरीब, निराश्रित,जरूरतमंद महिलाओं को लाभान्वित न करने व त्वरित प्रभावी कार्यवाही न करने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा कहा कि सरकार पात्र गरीब, निराश्रित महिलाओं को पेंशन, आवास, शौचालय आदि योजनाओं से लाभान्वित करने हेतु कार्य कर रही है अधिकारी भी संवेदनशीलता से प्रभावी कार्यवाही करें। जन सुनवाई में सिटी मजिस्ट्रेट श्री वेद सिंह चौहान, एसीपी सुकन्या शर्मा, जिला प्रोबेशन अधिकारी श्री अजय कुमार, बीएसए जितेन्द्र कुमार गोंड, जिला सूचना अधिकारी शैलेंद्र कुमार शर्मा, एसीएमओ डॉ.प्रवीण रावत एसएचओ महिला हेमलता, उपनिरीक्षक संगीता, नरेश त्यागी, एसएचओ सदर बाजार, एडीपीआरओ संदीप वर्मा, प्रबंधक कौशल विभाग अमित धाकरे, आरपीएफ कैंट के धर्मेंद्र तोमर सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

# मण्डलायुक्त ने अतरौली सम्पूर्ण समाधान दिवस का किया निरीक्षण

**डीएम-एसएसपी समेत जिला व तहसील स्तरीय अधिकारी रहे उपस्थित, जनशिकायतों के निस्तारण के लिए प्रतिदिन 10-12 बजे आमजन के मिलने के लिए कार्यालय में बैठें अधिकारी -आयुक्त, संगीता सिंह**

**अलीगढ़।** आयुक्त अलीगढ़ मण्डल अलीगढ़, संगीता सिंह द्वारा अतरौली तहसील में आयोजित सम्पूण समाधान दिवस का निरीक्षण किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी संजीव रंजन, एसएसपी संजीव सुमन, एडीएम प्रशासन पंकज कुमार, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सुभांशु कटियार, एसडीएम अतरौली मो0 अमान द्वारा जनशिकायतों को सुन उनका निस्तारण कराया गया। मण्डलायुक्त ने कहा कि आईजीआरएस समेत विभिन्न माध्यमों से प्राप्त जनशिकायतों का गुणवत्तापरक मा0 मुख्यमंत्री जी की प्राथमिकता में शामिल हैं। केवल शिकायतों के निस्तारण के लिए ही निस्तारित न किया जाए, जनशिकायमों का संवेदनशीलता से निस्तारण करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रतिदिन 10-12 बजे तक आमजन से मिलने के बैठें और उनकी समस्याओं का निस्तारण कराएं। उन्होंने बताया कि विगत दिनों अलीगढ़ व हाथरस के जिलास्तरीय कार्यालयों में अधिकारियों के बैठने का सत्यापन लैण्ड लाइन फोन पर बात करके किया गया। अभी भी जिनके कार्यालयों के लैण्ड लाइन फोन खराब हैं वह उनको सुचारू कराएं जिस पर बात करके सत्यापन किया जा सके। उन्होंने कहा कि जब आप स्वयं कार्यालय समय से आएंगे तो आपके कार्मिक भी समय से आएंगे जिसका लाभ आमजन को मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन 10-15 मिनट आईजीआरएस पोर्टल जरूर खोलें और उस पर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण कराएं। न्यायालय में विचाराधीन प्रकरणों का भी फीडबैक रखें। उन्होंने कानूनगो-लेखपालों को निर्देशित किया कि धारा-24, अमलदरामद एवं विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्रों का समय से




निस्तारण करें। टीम वर्क में कार्य करें, आप के कार्य से जिले व मण्डल की रैंकिंग प्रभावित होती है। प्रतिदिन 05 निस्तारित शिकाततों का शिकायतकर्ता से फोन कर उसका फीडबैक लें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में मण्डलायुक्त ने मा0 उच्च न्यायालय के आदेशों बावजूद नगर पालिका परिषद अतरौली की दुकानों को खाली न कराए जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए कहा कि न्यायालय के आदेशों के बावजूद पूर्व आवंटियों का न हटाया जाना सरकारी संपत्ति पर कब्जा कराने के समान है। उन्होंने एसडीएम को निर्देशित किया कि पूर्व आवंटियों से दुकानों को खाली कराते हुए नया आवंटन कराएं ताकि शासन को राजस्व की क्षति न हो। इसी प्रकार जिलाधिकारी ने बद्री प्रसाद गुप्त उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रकरण में प्राप्त शिकायत का संज्ञान लेते हुए एसडीएम को सम्पूर्ण प्रकरण की जानकारी कर नियमानुसार अपेक्षित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। दत्ताचोली निवासी उर्वेश कुमार ने शिकायत दर्ज की कि उसके खेत एवं सरकारी चकरोड पर अवैध रूप से ईट भट्टे का संचालन किया जा रहा है जिस पर डीएम ने एसडीएम अतरौली व एसएचओ पाली को संयुक्त टीम बनाकर चकरोड का अतिक्रमण मुक्त कराने के निर्देश दिए। भुड़िया रामपुर के संजय कुमार ने बताया कि विपक्षीगणों ने सरकारी रास्तु व चारागाह की भूमि पर अवैध कब्जा कर उस पर अपना पक्का मकान बना लिया है जिस पर डीएम ने एसडीएम को जाचं कर चारागाह व सरकारी भूमि को कब्जामुक्त कराने के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 42 शिकायतें पंजीकृत हुईं जिनमें से 07 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया। मण्डलायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया अवशेष शिकायतों का गुणवत्तापरक एवं समयबद्धता से निस्तारण करना सुनिश्चित करें। इस दौरान मण्डलायुक्त ने विगत सम्पूर्ण समाधान दिवस में निस्तारित 04 प्रकरणों का रैण्डमली फीडबैक भी लिया, जिसमें से 03 शिकायतों में असंतोषजनक फीडबैक मिला। इस अवसर पर सीओ राजीव द्विवेदी, सीएमओ डा0 नीरज त्यागी, पीडी भाल चन्द त्रिपाठी, ईओ वंदना शर्मा समेत अन्य जिला व तहसील स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# कैलोरा में लोकमाता अहिल्याबाई की हुई मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा : अनावरण

**हाथरस।** कस्बा हाथरस जंक्शन क्षेत्र के गांव कैलोरा में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी के 300 वीं जयंती के उपलक्ष में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सांसद अनूप प्रधान बाल्मिकी, हाथरस सदर ब्लाक प्रमुख पूनम पांडेय, जिलाध्यक्ष भाजपा शरद माहेश्वरी द्वारा लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी की प्रतिमा का अनावरण फूल माला पहना कर किया गया।इस मौके पर कार्यक्रम आयोजक ग्राम प्रधान श्रीकृष्ण व योगेंद्र प्रधान सिथरोली द्वारा अतिथियों का फूल माला, पगड़ी व प्रतीक चिन्ह भेंटकर



स्वागत किया गया। वहीं सांसद अनूप प्रधान वाल्मीकि द्वारा सभी का आभार व्यक्त करते हुए लोक माता अहिल्याबाई होल्कर के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला और कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की हाथरस में यह पहला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम हुआ है तथा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हर बूथ स्तर तक माता रानी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती मनाने का भी कार्य किया है। इस मौके पर योगेंद्र प्रधान सिथरौली, मोहित बघेल जिलाध्यक्ष भाजपा पिछड़ा मोर्चा, विष्णु बघेल जिला मंत्री भाजपा, प्रमोद मदनावत, प्रमोद सेंगर, पदम सिंह धनगर, योगेश सेंगर, चंद्रपाल बघेल प्रधान, बादामी ,देवेंद्र बघेल प्रधान लडावली ,देवेंद्र बघेल प्रधान नगला रति, प्रेम सिंह धनगर, नीरज बघेल पंचायत सहायक शाहपुर कला व सैकड़ो की संख्या मे धनगर व बघेल समाज की महिलाएं व पुरुष कार्यक्रम में मौजूद थे।


**उत्तर मध्य रेलवे**

ई-निविदा सूचना सं. 2025-जून-01। दिनांक 05.06.2025

**निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग/उत्तर मध्य रेल, आगरा द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिये "खुली निविदा" ई-टेन्डरिंग केवल ऑनलाइन के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

| क्र.सं. | निविदा सं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | 2025-जून-01-01 | [illegible] मंडल इंजी0 (मुख्या0)/आगरा के क्षेत्राधिकार में [illegible] के आर.टी.एस.ओ अनुमोदित [illegible] के साथ एल्युमिनो-थर्मिक प्रक्रिया द्वारा रेल की इन-सीटू वेल्डिंग का कार्य। | ₹ 6766757.28 |
| 2. | 2025-जून-01-02 | सहायक मंडल इंजी0 (मुख्या0)/आगरा के अधीन आगरा कैंट-बिल्लोचपुरा खंड में विभिन्न यार्डों से मलबा हटाने का कार्य। | ₹ 49046526.76 |
| 3. | 2025-जून-01-03 | (अ) आगरा कैंट स्टेशन पर मौजूदा रनिंग रूम का नवीनीकरण एवं सुधार कार्य। (ब) आगरा कैंट रेलवे स्टेशन के [illegible] एरिया के पास पहुंच मार्ग का सुधार और चौड़ीकरण का कार्य। | ₹ 11483171.77 |
| 4. | 2025-जून-01-04 | सहायक मंडल इंजी0 (मुख्या0)/आगरा छावनी के अधीन आगरा कैंट-बिल्लोचपुरा खंड के विभिन्न यार्डों में सी.टी.आर.(एस), टी.एस.आर(एस), टी.आर.आर(एस), टी.बी.आर, टी.टी.आर और टी.एफ.आर जैसे यार्ड सुधार कार्य। | ₹ 16640242.42 |
| 5. | 2025-जून-01-05 | सहायक मंडल इंजी0 (मुख्या0)/आगरा छावनी के अधीन यमुना ब्रिज-बयाना खंड के विभिन्न यार्डों में टी.आर.आर(एस), टी.टी.आर, टी.एस.आर(एस), टी.बी.आर और टी.एफ.आर जैसे यार्ड सुधार कार्य। | ₹ 12306901.39 |

निविदा को प्रस्तुत करने एवं निविदा के बारे में पूरी जानकारी के लिए भारतीय रेल की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। निविदा केवल वेबपोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से दिनांक 27.06.2025 को 15.00 बजे तक प्रस्तुत की जा सकती है। 993/25 FA

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in


# बाइक सवार दो युवकों को स्कार्पियो ने मारी टक्करः एक की मौतःदूसरा गंभीर

**हाथरस।** सिकंदराराऊ कोतवाली क्षेत्र के कासगंज रोड स्थित सैयद बाबा के निकट बाइक सवार दो युवकों को एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो कार ने रौंद दिया । जिसके परिणाम स्वरुप दोनों युवक गंभीर रूप घायल हो गए । घायल युवकों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया । जहां से चिकित्सको ने दोनों युवकों को अलीगढ़ रेफर दिया। अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज में एक युवक को चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया। मृतक युवक के पिता ने अज्ञात स्कॉर्पियो चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है । कोतवाली क्षेत्र के गांव खेड़िया टप्पा निवासी सुनील कुमार पुत्र गिरीशचंद्र ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसका इकलौता पुत्र निशांत उम्र 20 वर्ष अपने साथी अभिषेक पुत्र मोहर सिंह के साथ बाइक पर सवार होकर कस्बा सिकन्द्राराऊ से गांव लौट रहा था । एक तेज गति से आ रही स्कॉर्पियो कार ने बाइक में टक्कर मार दी ।परिजनों ने गमगीन माहौल में मृतक युवक के शव का अंतिम संस्कार कर दिया । अभिषेक का अभी उपचार अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज में जारी है । जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

# संपूर्ण समाधान दिवस में आयीं 168 शिकायतों में से मात्र 14 शिकायतों का हुआ निस्तारण

**शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही करने पर होगी कड़ी कार्यवाही- डीएम**




**हाथरस।** सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय ने पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के साथ तहसील सासनी में जनसुनवाई करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का निस्तारण मौका मुआयना कर समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्णढंग से करने के निर्देश दिए। सासनी समाधान दिवस में 42 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें से मात्र 5 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। इसके अलावा हाथरस तहसील में कुल 52 शिकायतों में से मात्र 4 शिकायत, सादाबाद तहसील में कुल 44 शिकायतों में से मात्र 2 तथा सिकन्द्राराऊ तहसील में कुल 30 शिकायतों में से मात्र 3 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।

सासनी तहसील सभागार में जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय ने जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ तहसील समाधान दिवस में जनसमस्याओं की सुनवाई कर निस्तारण की कार्यवाही को अंजाम दिया। उन्होने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतों को लंबित न रखा जाये, शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये। शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पाये जाने पर संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय करते हुए उनके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

तहसील समाधान दिवस के मौके पर प्रभागीय वनाधिकारी, उप जिलाधिकारी सासनी, प्रभारी अधिकारी कलेक्ट्रेट, क्षेत्राधिकारी पुलिस, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, जिला विद्यालय निरीक्षक, उप निदेशक कृषि, जिला कार्यक्रम अधिकारी, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला पंचायतराज अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, उपायुक्त उद्योग, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, अधिशासी अभियंता सिंचाई, अधीक्षण अभियंता विद्युत, अधिशासी अभियंता विद्युत, खण्ड विकास अधिकारी आदि उपस्थित थे।

# सासनी में बाइक व साइकिल में भिड़न्तः वृद्ध की मौत:1 घायल

**हाथरस।** कोतवाली सासनी क्षेत्र के हाथरस अलीगढ़ रोड पर तहसील के सामने आज एक साइकिल सवार वृद्ध को एक बाइक ने रौंद दिया। जिससे वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गए और बाद में उनकी मौत हो गई। जबकि दुर्घटना में बाइक सवार भी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं और उनका जिला अस्पताल में उपचार जारी है । बाइक और साइकिल की टक्कर में दोनों वाहनों के चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। बाइक सवार कुलदीप अलीगढ़ से हाथरस जा रहे थे और तहसील के सामने बाइक व अर्जुन प्रसाद की साइकिल से टक्कर हो गई।जिला अस्पताल में उपचार के दौरान अर्जुन प्रसाद गौड़ की मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम को भेजा है। घटना की अभी रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई है तथा मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# 'सामान्य ज्ञान में धैर्य राठी जबकि सांस्कृतिक कार्यक्रम में गौरवी ने मारी बाजी'

**हाथरस।** माहेश्वरी वंश उत्पत्ति दिवस के उपलक्ष में आज माहेश्वरी समाज और माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा स्थानीय मुरसान गेट स्थित पुष्पांजलि गेस्ट हाउस में महेश नवमी उत्सव मनाया गया जिसमें सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, नींबू दौड़ प्रतियोगिता, संगीत कुर्सी दौड़, कपल प्रतियोगिता, फैंसी ड्रेस शो व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया ! कार्यक्रम का श्री गणेश भाजपा नगर अध्यक्ष शरद महेश्वरी, गिरिराज किशोर सोनी, प्रीति साबू एवं समाज के वरिष्ठ जनों ने संयुक्त रूप से भगवान महेश के छवि चित्र एवं वंशत्पत्ति चित्र पर माल्यार्पण व प्रज्वलित कर किया !प्रतियोगिताओं की समाप्ति पर प्रतिभागियों को सभी प्रायोजकों द्वारा प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया ! माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष वैभव मोहता, सचिव गोपाल राठी तथा कोषाध्यक्ष रजत केला ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया ! कार्यक्रम का संचालन कर रहे ताराचंद्र माहेश्वरी का जन्मदिन होने के नाते उन्होंने केक काटा और समाज के सभी लोगों ने उन्हें जन्म दिवस पर बधाई, शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद दिया ! कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री गिरिराज किशोर सोनी ने की।

# अहिल्याबाई होल्कर जयंती के उपलक्ष में धनगर समाज के मेधावी किये सम्मानित

**हाथरस।** कस्बा हाथरस जंक्शन पर मातेश्वरी अहिल्याबाई होल्कर जी की 300वीं जयंती के उपलक्ष में छात्र एवं छात्राओं का सम्मान समारोह प्रेम सिंह धनगर एव उनकी रेलवे टीम द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि डॉ. बाई.पी. सिंह धनगर सहायक आयुक्त थे। जबकि विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष पदम सिंह धनगर, अभियंता संतोष धनगर, देवेन्द्र धनगर एक्स एडीओ थे और सभी धनगर समाज अतिथियों ने लोक माता अहिल्याबाई होल्कर के छविचित्र के समक्ष दीप जलाकर एवं पुष्प अर्पित कर सभी धनगर समाज के बच्चों को शिक्षा और आगे बढ़ने को प्रेरित करने की बात की।कस्बा हाथरस जंक्शन पर रेलवे कर्मचारी प्रेम सिंह धनगर, महेंद्र पाल सिंह धनगर, जितेन्द्र सिंह धनगर, लोकेंद्र धनगर , सर्वेंद्र धनगर, विनोद धनगर, गोपाल धनगर , ओमी शंकर धनगर, पवन धनगर , नेत्रपाल धनगर, सुभाष धनगर , रविन्द्र धनगर, नन्द किशोर धनगर , रोहिताश धनगर , भूपेंद्र धनगर, राहुल धनगर, निर्दोष धनगर, मुकेश धनगर आदि धनगर समाज बन्धु उपस्थित थे।

# मुरसान नगर पंचायत के सीमा विस्तार की मांग : ज्ञापन सौंपा

**हाथरस।** मुरसान नगर पंचायत क्षेत्र के विस्तार को लेकर क्षेत्रीय लोगों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा है और नगर पंचायत मुरसान का सीमा विस्तार किए जाने की मांग की है। मुरसान नगर पंचायत के सीमा विस्तार की मांग को लेकर मुरसान नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष गिर्राज किशोर शर्मा के नेतृत्व में क्षेत्रीय लोगों द्वारा ज्ञापन सौंपा गया है।ज्ञापन में कहा गया है कि नगर पंचायत के विस्तार में क्षेत्र के गांव नगला शीशम, नगला हेमा और टिमरली गांवों को भी शामिल किया जाए। इन तीनों गांवों की सीमा मुरसान कस्बे से सटी हुई है। इन गांवों के निवासियों के व्यवसाय और आवास भी मुरसान में स्थित हैं।ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि केशर गढ़ी, हैला, फरसौटी और खोकिया जैसे गांव मुरसान नगर क्षेत्र से दूर हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इन तीन गांवों को नगर पंचायत में शामिल करने से वहां के लोगों को नगरीय सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा। ज्ञापन देने वालों में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष चौधरी चंद्रवीर सिंह, रामप्रकाश पोनिया, टिंकू शर्मा, आदित्य भारद्वाज सूरज शर्मा, किरन शर्मा सहित तमाम क्षेत्रीय लोग शामिल थे।



# स्काउट गाइड ने किया वृक्षारोपण

**हाथरस।** एक वृक्ष मां के नाम अभियान के तहत स्काउट गाइड उ. प्र.के तत्वाधान में जिला मुख्य आयुक्त /जिला विद्यालय निरीक्षक भारत स्काउट गाइड के कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक में वृक्षारोपण अभियान के तहत एक नीम का पौधा लगाया गया।इस कार्य में लगे स्काउट को संबोधित करते हुए जिला संगठन आयुक्त स्काउट धीरेंद्र प्रताप सिंह ने सभी को अवगत कराया कि सिर्फ वृक्ष लगाने मात्र से अपनी जिम्मेदारी पूर्ण नहीं होती, बल्कि उसके तैयार होने तक अपनी सतत देखरेख बनाए रखें। इस अवसर पर स्काउट को धन्यवाद दिया। स्काउट मास्टर दीपक कुमार शर्मा, रूपेश कुमार गौतम आईटी कोऑर्डिनेटर व अनेक स्काउट उपस्थित थे।



## जिम कॉर्बेट पब्लिक स्कूल में विश्व पर्यावरण दिवस पर गोष्ठी का आयोजन



**सांध्य पहल संवाददाता**

**आगरा।** आई आई टी रुड़की एल्युमिनियम एसोसिएशन आगरा चैप्टर ने विश्व पर्यावरण दिवस पर बीटिंग प्लास्टिक पॉल्यूशन विषयक संगोष्ठी भारत सरकार के पूर्व सलाहकार डॉ अमर सिंह जी के मुख्य आतिथ्य एवं ई आर के सिंह राघव जी की अध्यक्षता में जिम कार्बेट पब्लिक स्कूल के सभागार में आयोजित हुई। संगोष्ठी का शुभारंभ मुख्य अतिथि के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित एवं भारतरत्न डॉ विश्वसरैया जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।मुख्य वक्त ई राघव जी ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र परिषद की 1972 में स्टॉकहोम स्वीडन में आयोजित कार्यशाला में ओनली वन अर्थ सलोगन के साथ दुनिया में विश्व पर्यावरण दिवस मनाए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया।तब से लगातार मनाया जा रहा है।पूर्व महानिरीक्षक सीमा सुरक्षा बल श्री राम अवतार ने बताया कि प्रत्येक व्यक्ति को पर्यावण कम करने में अपना योगदान वृक्ष लगा कर, पानी बचाकर, ग्लोबल वार्निंग कम करके देना चाहिए।सभी वक्ताओं ने वातावरण को रहने योग्य बनाने के लिए स्वच्छता रखने,वायु प्रदूषण कम करने, साइकिल का प्रयोग करने,खेतों में स्प्रिंग फॉर्मिंग अपनाने का आह्वान किया। रैन वाटर हार्वेस्टिंग की भी आवश्यकता पर जोर दिया गया।वरिष्ठ वन अधिकारी श्री डी पी सिंह जी ने स्वयं विकसित किए गए पौधे भेट किए गए।प्रमुख रूप से अतुल कुमार, असीम गुप्ता, सौरभ सक्सेना, रमेश चंद्र, रवेंद्र पाल सिंह, किशन लाल शाक्य, अशोक यादव, बृजेश यादव देवेंद्र थापक उपस्थित रहे।संचालन महासचिव ई महेश चंद्र ने किया।धन्यवाद ज्ञापन ई रमेश चंद ने किया।

## 2 साल से लगी थी सील, फिर शुरू हुआ कमर्शियल बिल्डिंग का कार्य : बना चर्चा का विषय

**-तेजी से गुपचुप तरीके से ऑन रोड चल रहा अवैध निर्माण, ना पार्किंग और ना ओपन एरिया**

**-सांठ-गांठ का लगा आरोप, भूखंड स्वामी ने दबंगों को बनाया पार्टनर, अधिकारियों से की गई शिकायत**

**सांध्य पहल संवाददाता**

**आगरा।** एक ओर जहां आगरा विकास प्राधिकरण (एडीए) उपाध्यक्ष और प्रशासनिक अधिकारी शहर में अवैध निर्माण ना होने देने का दावा करते हैं, तो वहीं आवास विकास प्राधिकरण द्वारा आए दिन सीलिंग एवं ध्वस्तीकरण कार्यवाही करने और अवैध निर्माणों पर तुरंत एक्शन लेने की बात की जाती है। दूसरी ओर शहर में देखा जाए तो अवैध निर्माणों की बाढ़ सी आ गई है। रोजाना कोई ना कोई मामला अधिकारी और कर्मचारियों की मिली भगत से अवैध निर्माण का सामने आता है। शहर की छोटी-छोटी गलियों एवं घनी बस्तियों व बाजारों में तेजी से अवैध निर्माण होते जा रहे हैं कोई रोक-टोक नहीं दिखाई देती। अगर एक बार फिर शहर में माईथान जैसा गंभीर हादसा हुआ तो इसका कौन जिम्मेवार होगा? एडीए के कर्मचारियों और अधिकारियों की मिली भगत या कहें सांठ-गांठ का एक ताजा मामला ऑन रोड गुपचुप तरीके से तेजी से चल रहे कमर्शियल बिल्डिंग के अवैध निर्माण का सामने आया है जो की क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। रकाबगंज वार्ड के 30/127, जैन मंदिर के सामने, नियर पानी की टंकी, छिपीटोला में बिना नक्शा पास कराए अवैध निर्माण पर 2 वर्ष पूर्व 2023 फरवरी में आवास विकास प्राधिकरण द्वारा सीलिंग की कार्यवाही की गई थी। इस भूखंड के स्वामी शशि जैन पत्नी स्वर्गीय विपिन जैन एवं पुत्र आनंद जैन हैं। यहां इस अवैध निर्माण पर मजदूर लगाकर तेजी से अचानक कार्य फिर से शुरू कर दिया गया है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि भूखंड स्वामियों ने कुछ दबंग लोगों को साथ लेकर उनको पार्टनर बनाकर सांठ-गांठ के चलते गुपचुप तरीके से निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जबकि इसका नक्शा पास नहीं है व अन्य नियमों को ताक पर रख कर अधिकारियों को गुमराह कर निर्माण कार्य चल रहा है। इस मामले की शिकायत एडीए वीसी और मंडलायुक्त आगरा व अन्य अधिकारियों से की गई है। शिकायती पत्र में कहा गया है



कि इस भूखंड पर अवैध कमर्शियल बिल्डिंग खड़ी की जा रही है जिसमें मार्केट तथा फ्लैटों का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। यहां ना तो पार्किंग की व्यवस्था की गई है और ना ही ओपन एरिया है। कर्मचारियों की मिली भगत से विभाग को गुमराह कर बिना शमन शुल्क जमा कराए बिना किसी विभाग से एनओसी प्राप्त करे ऑन रोड अवैध निर्माण कार्य किया जा रहा है। सड़क से जो रास्ता है वहां सीवर की नाली है जिसके ऊपर अवैध रूप से सीमेंट का पक्का रैंप बनाकर सीवर नाली को अवरुद्ध कर दिया गया है जिससे आसपास की दुकानों की नाली भी अवरुद्ध हो गई हैं। अवैध निर्माण के चलते यहां मौजूद दुकान को भी काफी नुकसान पहुंचाया गया है। शिकायत में कहा गया है कि अगर कोई हादसा होता है तो इसका जिम्मेदार कौन होगा? शिकायतकर्ताओं ने अधिकारियों से मामले को संज्ञान लेते हुए इस अवैध निर्माण कार्य को तुरंत रोकने की मांग की गई है।

## ऑल इंडिया एससी-एसटी रेलवे एम्पलाइज एसोसिएशन, आगरा मंडल के पदाधिकारियों द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की 125 वी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी गई

**सांध्य पहल संवाददाता**



**आगरा।** ऑल इंडिया एससी-एसटी रेलवे एम्पलाइज एसोसिएशन, आगरा मंडल के पदाधिकारियों द्वारा सोमवार को 125 वी पुण्यतिथि के अवसर पर भगवान बिरसा मुंडा जी को नमन कर श्रद्धांजलि दी गई। एसो. के मण्डल कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में मण्डल सचिव श्री प्रवीन कुमार, मण्डल अध्यक्ष श्री डी के निगम एव मण्डल कोषाध्यक्ष श्री दिनेश मीना द्वारा भगवान विरसा मुंडा जी के चित्र पर माल्यार्पण कर मोमबत्ती प्रज्जवलित की गई तथा पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई तथा सभी मण्डल के पदाधिकारियों द्वारा पुष्प अर्पित कर भगवान विरसा मुंडा जी श्रद्धांजलि दी गई। मण्डल सचिव श्री प्रवीन कुमार , मण्डल अध्यक्ष श्री डी के निगम ने अपने सम्बोधन में भगवान विरसा मुंडा जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला एवं उनके द्वारा जनजाति समाज के उत्थान हेतु किये गये कार्यों का वर्णन किया तथा भगवान विरसा मुंडा जी द्वारा बताये गये सिद्धान्तो, सामाजिक चेतना तथा समानता को जीवन में अपनाये जाने पर बताया गया। आज के भगवान विरसा मुंडा जी के 125 पुण्यतिथि के अवसर के कार्यक्रम में श्री खुशीराम मीना, दीपक जाटव, कोमल सिंह, सत्यपाल, विनोद वर्मा, मनोज आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मैरिज-होम में एसी नहीं, दुल्हन ने शादी से मना किया: दूल्हा-दुल्हन पक्ष में विवाद, थाने तक पहुंचा मामला

**सांध्य पहल संवाददाता**




**आगरा।** जनपद के शमशाबाद थाना क्षेत्र में एक अनोखा मामला सामने आया। नयाबास रोड स्थित मैरिज होम में एसी न होने और पंखे की धीमी रफ्तार के कारण दुल्हन ने शादी से मना कर दिया। मैरिज होम में दूल्हा और दुल्हन पक्ष की ओर से समान व्यवस्था की गई थी। फिरोजाबाद से आई दुल्हन जब शाम को मैरिज होम पहुंची, तो कमरे में एसी नहीं था। पंखा भी धीमी गति से चल रहा था। इस पर दुल्हन ने शादी से इनकार कर दिया। इस घटना के बाद दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई। मौजूद बुजुर्गों और रिश्तेदारों ने समझौते का प्रयास किया। लेकिन कोई समाधान नहीं निकल सका। मामला थाने तक पहुंच गया। पुलिस ने भी दुल्हन को समझाने का प्रयास किया। लेकिन वह अपनी बात पर अड़ी रही। इस बीच दुल्हन की मां ने पुलिस को एक शिकायती पत्र सौंपा। उन्होंने दूल्हा पक्ष पर अधिक दहेज मांगने का आरोप लगाया। थाना प्रभारी शमशाबाद हंसराज भदौरिया ने बताया कि शिकायत पत्र की जांच की जा रही है।

## लड्डू हवेली वाले हनुमानजी मंदिर की सड़क निर्माण का विधायक चौ. बाबूलाल ने किया शिलान्यास

**श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन हेतु डेढ़ किलोमीटर मार्ग का होगा डाबरीकरण**

**सांध्य पहल संवाददाता**




**आगरा।** फतेहपुर सीकरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मंडी मिर्जा ख़ां से सामरा रोड स्थित सुप्रसिद्ध व प्राचीन हवेली वाले हनुमानजी मन्दिर तक सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास ग्राम सहनपुर मोड़ पर माननीय फतेहपुर सीकरी विधायक चौधरी बाबूलाल व रामेश्वर चौधरी द्वारा नारियल फोड़कर किया गया। उक्त कार्यक्रम में आस पास गांवों के ग्रामीण प्रमुख रूप से मौजूद रहे। इसी दौरान विधायक चौधरी बाबूलाल ने देवतुल्य जनता जनार्दन की समस्याओं को सुनने के लिए जन चौपाल का भी आयोजन किया। जिसमें सम्बंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। जन चौपाल में ग्रामीणों ने अपनी अपनी समस्याओं को विधायक जी के सामने रखा। जिसके बाद संबंधित विभाग के अधिकारियों को तत्काल समस्या के समाधान हेतु निर्देशित किया गया। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान विधायक चौधरी बाबूलाल व भाजपा नेता रामेश्वर चौधरी का ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक साफा व माला पहनाकर स्वागत सम्मान कर उनकी भूरी भूरी प्रशंसा की।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में मिलीं सौ शिकायतें, सिर्फ आठ का हुआ निस्तारण



**सांध्य पहल संवाददाता**

**आगरा।** किरावली तहसील मुख्यालय पर आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में एक बार फिर अफसरों की कार्यशैली सवालों के घेरे में रही। एडीएम प्रशासन आजाद भगत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में कुल 100 शिकायतें दर्ज हुईं, लेकिन मौके पर मात्र आठ शिकायतों का ही निस्तारण हो सका। कार्यक्रम में एसडीएम नीलम तिवारी, एसीपी गौरव सिंह, तहसीलदार दीपांकर सिंह, नायब तहसीलदार अनिल कुमार चौधरी व राजपाल सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। फरियादियों की समस्याओं को सुना गया और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे मौके पर जाकर त्वरित निस्तारण कर आख्या प्रस्तुत करें समाधान दिवस में राजस्व विभाग से जुड़ी शिकायतें सर्वाधिक रहीं, जिससे ग्रामीणों की भूमि संबंधी समस्याओं की गंभीरता उजागर हुई। खंड विकास अधिकारी फतेहपुर सीकरी व अकोला वीरेंद्र सिंह, एसडीओ पंचायत चौधरी दीवान सिंह, मण्डी समिति सचिव संजय पचहेरा, खंड विकास अधिकारी अरुण कुमार, समाज कल्याण विभाग के एडीओ मनीष चौधरी समेत कई विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## अतिक्रमण पर चला निगम का बुल्डोजरः रामनगर पुलिया से बोदला चौराहा के बीच चलाया अभियान, अस्थायी निर्माण ढहाया

**सांध्य पहल संवाददाता**



**आगरा।** रामनगर पुलिया से बोदला चौराहा के बीच सोमवार को नगर निगम का अतिक्रमण हटाओ अभियान चला। पहले से चेतावनी के बावजूद लोगों ने अतिक्रमण नहीं हटाया। इस पर नगर निगम ने बुल्डोजर चला दिया। अस्थायी निर्माण को एक एक कर ढहा दिया। कुछ लोगों ने विरोध का प्रयास किया लेकिन निगम कर्मचारियों के सामने उनकी एक न चली।

**2 दिन कराई थी मुनादी**

नगर निगम प्रशासन द्वारा इस क्षेत्र में पिछले 2 दिन से लगातार अतिक्रमण हटाये जाने के लिए मुनादी कराई जा रही थी। चेतावनी दी गई थी जो भी अतिक्रमण नहीं हटायेगा, उसके निर्माण को ध्वस्त करने के साथ ही जुर्माना भी वसूल किया जाएगा। सोमवार को नगर निगम प्रवर्तन दल ने जोनल अधिकारी चंद्रपाल सिंह के नेतृत्व में रामनगर की पुलिया से दोपहर बाद कारवाई प्रारंभ कर नाली और नालों के अलावा फुटपाथों पर किये गये अतिक्रमण को बुल्डोजर की मदद से ध्वस्त कर दिया।

**टिनशेड हटाए गए**

इस दौरान आधा दर्जन स्थानों पर दुकानों के आगे लगाये गये टिनशेड भी हटवाये गये। दुकानदारों द्वारा प्रचार प्रसार के लिए लगाये गये बोर्ड और होर्डिंग्स भी उखाड़ कर नगर निगम प्रवर्तन दल ने जब्त कर लिये। कार्रवाई से दुकानदारों में हड़कंप मचा रहा।

**8 सफाई मित्रों का कटेगा वेतन**

अपर नगर आयुक्त शिशिर कुमार ने सोमवार सुबह वार्ड 1 काजीपाड़ा में सफाई कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान इस क्षेत्र में तैनात सफाई मित्रों की जांच की गयी तो पता चला कि 8 सफाई मित्र सौरभ, सचिन, निहाल, राजू, संदीप, कृष्णा नितिन, विशाल, सरस्वती , साहिल, जय प्रकाश आदि कार्य पर नहीं आए थे। इनके खिलाफ कार्रवाई करते हुए अपर नगर आयुक्त ने नगर आयुक्त अंकित खंडेलवाल को रिपोर्ट भेज कर 1 दिन का वेतन काटने और एक स्थायी सफाई कर्मी का एक दिन का वेतन रोकने की संस्तुति की है। इसके अलावा निरीक्षण के दौरान नाला काजीपाड़ा में फ्लोटिंग पाये जाने पर भी उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए क्षेत्रीय जेडएसओ आशुतोष वर्मा को नाले की सफाई कराने के निर्देश दिये हैं। साथ ही लोगों द्वारा नाले में डाले जा रहे कचरा को रोकने के लिए कलेक्ट्रेट के पास नाले पर जाली लगवाए जाने की संस्तुति नगर आयुक्त से की गई है।

## पति-पत्नी के बीच झगड़े ने लिया विकराल रूप : व्यक्ति ने बबूल के पेड़ पर फांसी लगाकर दी जान

**सांध्य पहल संवाददाता**



**आगरा।** धिमिश्री पुलिस चौकी क्षेत्र के गांव नगला मुक्ता में एक पारिवारिक विवाद ने दुखद मोड़ ले लिया। सोमवार की सुबह ग्रामीणों को गांव से बाहर बबूल के पेड़ पर एक व्यक्ति का शव लटका मिला।मृतक की पहचान (40) वर्षीय जुगल किशोर के रूप में हुई, जो लाखन सिंह के पुत्र थे। खेतों की ओर जा रहे ग्रामीणों ने शव को देखा और तुरंत पुलिस को सूचित किया। ग्रामीणों के अनुसार, जुगल किशोर ने पत्नी से हुए विवाद के कारण यह कदम उठाया। थानाध्यक्ष शमसाबाद हंसराज भदौरिया के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को नीचे उतारा और पंचनामा की कार्रवाई पूरी की। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थना पत्र मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## अधिवक्ताओं ने फूंका केंद्रीय मंत्री का पुतलाः मेरठ में हाईकोर्ट बेंच बनाए जाने के बयान का विरोध

**11 जून को करेंगे बुद्धि शुद्धि हवन**



**सांध्य पहल संवाददाता**

**आगरा।** सोमवार को अधिवक्ताओं ने केंद्रीय कानून मंत्री के विरोध में प्रदर्शन किया गया। मेरठ के अधिवक्ताओं के प्रतिनिधिमंडल से हाईकोर्ट बैंच के लिए मेरठ का नाम सबसे ऊपर बताए जाने को लेकर अधिवक्ताओं में आक्रोश है। उन्होंने कहा कि अगर हाईकोर्ट बैंच आगरा का अधिकार है। 11 जून को केंद्रीय कानून मंत्री की बुद्धि शुद्धि के लिए हवन किया जाएगा। दीवानी में सोमवार को अधिवक्ताओं ने केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल के बयान के विरोध में रैली निकाली। इसके बाद पुतला दहन किया। जनमंच के अध्यक्ष अधिवक्ता अजय चौधरी ने कहा कि अधिवक्ता लंबे समय से आगरा में हाईकोर्ट बैंच बनाने की मांग कर रहे हैं। इसको लेकर कई बार आंदोलन कर चुके हैं। दो दिन पहले मेरठ के अधिवक्ताओं का प्रतिनिधिमंडल केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल से मिला था। उन्होंने मेरठ में हाईकोर्ट बेंच बनाने की मांग रखी। इस पर कानून मंत्री ने कहा कि जिन 10 जगह पर हाईकोर्ट बैंच बनाई जाएंगी, उसमें मेरठ का नाम सबसे ऊपर है। कानून मंत्री के इस बयान से आगरा व पश्चिमी उप्र के अधिवक्ता आहत हैं। केंद्रीय मंत्री को ध्यान रखना चाहिए कि जसवंत सिंह आयोग की रिपोर्ट में आगरा में बैंच बनाए जाने की सिफारिश की गई हैं। अधिवक्ता अपना हक लेकर रहेंगे। ये उनका अधिकार है। इसको लेकर ही पुतला दहन किया गया है।

## ग्वालियर हाईवे पर टेंपो-मिनी ट्रक की टक्करः15 लोग घायल, एक महिला की हालत गंभीर, जल भराव से वन-वे बना हाईवे





**सांध्य पहल संवाददाता**

**आगरा।** ग्वालियर हाईवे पर कृष्ण पैलेस नागला मकरोल के पास सोमवार दोपहर 1 बजे एक बड़ी दुर्घटना हुई। कुराँचित्रपुर से राजपुर चुंगी जा रहे मजदूरों से भरे टेंपो और आगरा की तरफ से आ रहे मिनी ट्रक में आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में टेंपो में सवार करीब 15 मजदूर घायल हो गए। स्थानीय लोगों और पुलिस ने सभी घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। घायलों में एक राधा नाम की महिला की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। दुर्घटना थाना सदर क्षेत्र में हुई। घटना की सूचना मिलते ही दोनों थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने हाइड्रा की मदद से दोनों वाहनों को सड़क से हटाया। हादसे के कारण हाईवे पर लगे जाम को भी दूर किया गया। थाना सदर पुलिस ने दोनों वाहनों को पुलिस चौकी में रखवा दिया है। पीड़ितों की शिकायत पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों का कहना है कि हाईवे पर जल भराव की वजह से सड़क वन-वे हो गई है। इस कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। उन्होंने प्रशासन से नाला निर्माण की मांग की है। जल भराव से निजात दिलाने के लिए नागला मकरोल पर डेढ़ महीने से कांग्रेस जिला अध्यक्ष रामनाथ सिकरवार सड़क निर्माण एवं नाला निर्माण की मांग को लेकर धरना दे रहे हैं जिसमें प्रशासन द्वारा कुछ सड़क को बनाया गया है परंतु ग्वालियर हाईवे नाला निर्माण न होने के चलते अब गांव के आगे पानी भरने लगा है पानी का निकास न होने के चलते ग्वालियर हाईवे पर जल भराव की स्थिति रहती है।

**ये लोग घायल हुए**

1, आकाश, कोलखखा 2, शशि कपूर , टीन का नगला दादूपुर 3 शुभ्रराती मीरा बिहार 4, भूरा टीन का नगला 5, पप्पू श्यामो 6, राधा, गुतिला 7, सूखा, देवरी 8,कृष्णा गुतला, 9,, योगेश नबादा खैरा 10 लालो भाई, टीन का नगला 11 नन्द किशोर, बादल पुर शमशाबाद है।

## राज्य मंत्री डॉ0 अरुण कुमार ने की आगरा जनपद में आगामी वृक्षारोपण की तैयारियां की समीक्षा

**सांध्य पहल संवाददाता**

**आगरा।** राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0 डॉ0 अरुण कुमार जी द्वारा जनपद भ्रमण के दौरान आगरा जनपद में आगामी वृक्षारोपण की तैयारी की समीक्षा की गई साथ ही विगत वर्ष किए गए वृक्षारोपण की सुरक्षा के लिए मा0 मंत्री जी द्वारा विशेष रूप से निर्देशित किया गया। उन्होंने मार्गों व नदियों के किनारे, औद्योगिक क्षेत्र, नगर क्षेत्र में बड़ी संख्या में पौधरोपण करने के लिए भी निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त फलदार पौधों को पर्याप्त संख्या में तैयार करने के भी निर्देश दिए। बैठक के उपरांत वन मंत्री जी द्वारा बाह रेंज की मई नर्सरी का भ्रमण किया गया, जिसमें उगाए जा रहे पौधों के बारे में उन्होंने जानकारी प्राप्त की। अमरूद, अनार, करौंदा, आंवला, शहतूत, सहजन इत्यादि फलदार पौधों को तैयार देख उन्होंने नर्सरी स्टाफ की सराहना की तथा ग्रामीणों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने हेतु प्रोत्साहित करने पर जोर दिया। मा0 मंत्री जी द्वारा वृक्षारोपण में एनजीओ, महिलाओं, स्कूली बच्चों, चिकित्सक, अधिवक्ता, उद्यमी, सैनिक इत्यादि समस्त नागरिकों को जोड़ने के लिए भी विशेष निर्देश दिए गए साथ ही माननीय वन मंत्री जी द्वारा वन विश्राम गृह पर एक सिंदूर का पौधा भी लगाया गया। सिकंदरा के मनीषा विहार के पार्क में माननीय मंत्री जी द्वारा स्थानीय नागरिकों के साथ दो मौलश्री के पौधे रोपित किए गए। उक्त अवसर पर आदर्श कुमार, डीएफओ आगरा, चांदनी, डीएफओ चंबल, ह्यस्त्रश अरविंद मिश्रा, क्षितिज पटेल, प्रदूषण नियंत्रण विभाग, सामाजिक कार्यकर्ता अर्पित चित्रांश, रवि, अनुराग इत्यादि उपस्थित रहे।



# संपादकीय

## बस्तर एलडब्लूई सूची से बाहर

छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले का नक्सल प्रभावित जिलों की सूची से हटना सिर्फ राज्य ही नहीं अपितु पूरे देश के लिए राहत की खबर है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मार्च, 2026 तक देश को नक्सली हिंसा से मुक्त कराने की घोषणा के बाद से ही सुरक्षा बल जी-जान से नक्सल विरोधी अभियान में जुटे हुए हैं। हाल में नक्सलियों के सबसे बड़े नेता बसव राज और सेंट्रल कमेटी नेता चलपति के मारे जाने के बाद से ही वामपंथी अतिवादी हलकों में पसरा सन्नाटा उनके हौसले टूटने का संकेत दे रहा है। यह छत्तीसगढ़ राज्य विशेषकर बस्तर क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है। बस्तर न केवल एक जिला है, बल्कि संभाग भी है, जिसमें कुल 7 जिले शामिल हैं-ये हैं- बस्तर (मुख्यालय- जगदलपुर), कोंडागांव, दंतेवाड़ा, बीजापुर, सुकमा, नारायणपुर और बीजापुर (जो पूर्व में दंतेवाड़ा से अलग हुआ)। हालांकि बस्तर जिला अब एलडब्लूई सूची से बाहर हो चुका है, लेकिन बस्तर संभाग के अन्य कुछ जिले अब भी नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शामिल हैं। हालांकि नक्सल विरोधी अभियानों में सुरक्षा बलों को मिल रही सफलता इस पूरे क्षेत्र को मार्च, 2026 से काफी पहले ही वामपंथी अतिवादी हिंसा से मुक्त कराने की दिशा में आगे बढ़ रही है। आदिवासियों के जल, जमीन और जंगल पर हक की लड़ाई के नाम पर शुरू हुआ संघर्ष अतिवादी हिंसा में परिणत होकर रास्ता भटक चुका था। पिछले तीन-चार दशकों में इस हिंसा में भारी खूनखराबा हुआ है और इलाके का विकास कई दशक पीछे चला गया है। हिंसा में अब तक 2000 से अधिक ग्रामीण और सुरक्षा बलों के 1400 से अधिक जवान मारे जा चुके हैं। स्थानीय लोग हिंसा से आजिज आ चुके हैं। सुरक्षा बलों को अभियानों में मिल रही कामयाबी में स्थानीय लोगों का साथ मिलना काबिलेगौर तथ्य है। सुरक्षा बलों में स्थानीय भाषा, संस्कृति और क्षेत्र के चप्पे-चप्पे के जानकार स्थानीय लोगों की भर्ती कारगर साबित हुई है जिसने माओवादियों के प्रचार अभियानों को भारी नुकसान पहुंचाया और उनके छिपने के ठिकानों की संख्या सीमित कर दी। सुरक्षा बलों को मिला तकनीक का साथ भी कारगर रहा। सड़क और मोबाइल कनेक्टिविटी ने भी उल्लेखनीय काम किया है। नेतृत्व के अभाव में उनके कैडर में दिशाहीनता की स्थिति है। यह लाल आतंक से प्रभावित क्षेत्र के सिमटते जाने की निशानी है। उम्मीद है कि क्षेत्र में प्रगति और विकास कार्य के रास्ते खुलेंगे।

# बहुमुखी प्रतिभा के धनी संत साहित्यकार हरिलाल कुंज

(शिवशंकर सिंह पारिजात-विनायक फीचर्स)



104 वीं जयंती (10 जून 2025) पर विशेष

अंगभूमि के नाम से विख्यात रहे भागलपुर में कालक्रम में कई अद्भुत एवं अनोखे व्यक्तित्व हुए हैं जिनमें श्री हरिलाल कुंज का नाम अग्रणी पंक्ति में आता है। भागलपुर सिटी (बिहार) में 10 जून 1921 में जन्मे व पले-बढ़े श्री हरिलाल कुंज ने साहित्य, संस्कृति व कला के क्षेत्र में अविस्मरणीय योगदान दिया है जिसे आज भी लोग श्रद्धा के साथ याद करते हैं। अपने बाल्यकाल से ही अप्रतिम प्रतिभा के धनी श्री हरि कुंज जब आठवीं कक्षा के छात्र थे तभी उनकी पहली कहानी 'अन्ना', छायावाद की सुप्रसिद्ध कवयित्री महादेवी वर्मा के सम्पादन में प्रकाशित उस समय की चर्चित पत्रिका 'चाँद' में प्रकाशित हुई थी। इसके अलावा उनकी कहानियाँ 'तीन पीर', 'प्रेत फोटोग्राफर', 'हीरा', 'पारो दादी ' इत्यादि भी काफी चर्चित रही । कहानीकार के साथ वे एक सिद्धहस्त नाटककार व गीतकार भी थे और उन्होंने 'बाबरी मीरा', 'चंगेज खां', 'विद्रोही संताल', 'राजलक्ष्मी' इत्यादि नाटकों और 'ब्रजोन्माद', 'मेरे नयनों के पानी', 'अभी मत छोड़ मुझे तू प्राण', 'जुदाई कैसी होती है' इत्यादि पाला कीर्तन एवं गीतों की भी रचना की । उन्होंने 'मीरा बाई' (लीला कीर्तन), 'रजनीगंधा' (काव्य संकलन), 'सत्यसंग' और 'एक मजदूर कलम का' आदि कृतियों का संपादन भी किया । बहुमुखी प्रतिभा के धनी श्री हरि कुंज साहित्य के साथ साथ सांस्कृतिक गतिविधियों व समाजसेवा में भी सक्रिय रहे । 1938 में उन्होंने 'श्री गौरांग संकीर्तन समिति', की स्थापना की और इसके माध्यम से भागलपुर में श्री मीरा जयन्ती मनाने की शुरुआत की जो 25 वर्षों तक निर्बाध गति से मनाई जाती रही । उन्होंने 'श्री बालकृष्ण ऑपेरा' (हिंदी यात्रा पार्टी), 'वागीश्वरी संगीतालय' और 'द्विजेन्द्र गोष्ठी' इत्यादि संस्थाओं की न सिर्फ स्थापना ही की बल्कि उसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाई । इन सबके अलावा वे एक कुशल फोटोग्राफर सहित एक सिद्धहस्त चित्रकार भी थे । सन् 1938 में ही उन्होंने भागलपुर में 'चित्रशाला' स्टूडियो की नींव रखी जो आज की तिथि में अत्याधुनिक तकनीकों से लैस एक सुसज्जित प्रतिष्ठान के रूप में जाना जाता है। श्री हरि कुंज के समय में यह स्टूडियो मात्र एक व्यवसायिक प्रतिष्ठान ही नहीं, वरन् साहित्यिक गतिविधियों का भी केंद्र था जहाँ से बांग्ला के मूर्धन्य कथाशिल्पी डॉक्टर बलायचांद मुखोपाध्याय 'वनफूल', राष्ट्रकवि गोपाल सिंह नेपाली, राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर, भागलपुर विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति डॉ विष्णु किशोर झा 'बेचन', बाबा नागार्जुन, अभिनेता पृथ्वीराज कपूर, महर्षि मेंही दास, प्रभात रंजन सरकार, शिक्षाविद आनन्द शंकर माधवन, संतशिरोमणी देवी शकुन्तला गोस्वामी, रामचरितमानस के अंतराष्ट्रीय अन्वेषक पंडित इन्दु भूषण गोस्वामी व अन्य महापुरुषों की यादें जुड़ी हैं ।

इन सबों के अलावा हरि कुंज जी ने 'महाप्राण निराला', 'नटराज पृथ्वीराज कपूर', 'मेरे हँसू दा', 'उर्वशी का जन्म', 'फूल वनफूल या वन का फूल', 'अनुपलाल मंडल', 'यात्राभिनय और शारदा बाबू ', 'जब मैं बच्चा? था' इत्यादि दुर्लभ व रोचक संस्मरण लिखे । श्री हरिलाल कुंज 10 जून 1921 से 13 फरवरी 1984 तक हमारे बीच रहे और अभावों में गुजर-बसर करते हुए भी आध्यात्म, कला, साहित्य, संस्कृति व समाज की समृद्धि में लगे रहे।

**(लेखक सूचना एवं जनसंपर्क के पूर्व उपनिदेशक एवं इतिहासकार हैं)**

## शब्द सामर्थ्य -074

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. समाप्ति, खात्मा 3. रोगी, बीमार 5. गंभीरता, गहराई 6. बलपूर्वक, जबरदस्ती, व्यर्थ 9. लानत, तिरस्कार सूचक एक शब्द 10. लक्ष्मी, कमला 11. औषधालय 13. नाव खेने का लकड़ी का यंत्र 14. सतह, 'लेवल' 15. बिजली, तड़ित 17. चौकसी, सावधानी, बचाव 19. कहने वाला, वाचनकर्ता 20. सुंदर, अच्छा, बढ़िया 21. लगातार, तड़-तड़ करते हुए।

**ऊपर से नीचे**

1. शरीर का कोई भाग, शरीर 2. खोज-बीन, जांच-पड़ताल 3. वोट देने का हक 4. जो अत्यधिक शक्तिशाली व कठोर प्रकृति का हो, दृढ़, मजबूत 7. बरसात, पावस, बारिश 8. भरना, अटना, अंदर करना 12. घटना, हादसा, दुर्घटना 13. लिबाज़, पहनने का ढंग 16. नीला वस्त्र पहने वाला, नीला वस्त्र 17. ऐक्य, एक होने का भाव 18. दिल्ली स्थिति प्रसिद्ध जेल।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 073 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वा | स्ता | | | सि | स | की | | |
| जि | | ल | प | ट | | मा | चि | स |
| ब | द | ला | | क | | | ल | |
| | | ट | | नी | ल | क | म | ल |
| ता | ली | | का | | की | | | हू |
| क | | स | रो | का | र | | | लु |
| झां | | ज | बा | न | | म | सी | हा |
| क | च | ना | र | | भा | र्या | | न |
| | र्म | | | ज | र | दा | | |

## सू- दोकू क्र.074

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 3 | | 8 | | 1 | | 4 |
| 8 | | | 3 | | 4 | | 7 | |
| | 4 | | | 5 | | 8 | | |
| 3 | | 8 | | | 1 | | 4 | |
| | 1 | | | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | 1 | |
| 1 | | | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 9 | | 3 | |
| | | 9 | | 1 | | 2 | | 5 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.073 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 4 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 |
| 1 | 9 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |

# अंतरिक्ष में नया इतिहास रचेंगे लखनऊ के शुभांशु



(विवेक रंजन श्रीवास्तव -विभूति फीचर्स)

3 अप्रैल 1984 को जब विंग कमांडर राकेश शर्मा सोयूज टी-11 यान में धरती की हदें लांघकर अंतरिक्ष में पहुंचे थे, तब उन्होंने प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के ÷भारत अंतरिक्ष से कैसा दिखता है?" के सवाल पर जवाब दिया था , सारे जहां से अच्छा" । चार दशक बाद, 8 जून 2025 को शुभांशु शुक्ला एक्सिओम-4 मिशन के तहत अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS) की यात्रा करेंगे और भारत के अंतरिक्ष यात्री बनकर इतिहास रचेंगे शुभांशु शुक्ला का जन्म 10 अक्टूबर 1985 को लखनऊ में एक मध्यमवर्गीय परिवार में हुआ। उनकी प्रारंभिक शिक्षा वहां सिटी मॉन्टेसरी स्कूल में हुई। मात्र 16 वर्ष की आयु में उनके जीवन का निर्णायक मोड़ आया, जब एक मित्र ने उनके लिए राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (NDA) का फॉर्म बिना परिवार को बताए भर दिया। यह छोटा सा कदम आगे चलकर उन्हें भारतीय वायुसेना में ले आया, जहाँ उन्होंने सुखोई-30, मिग-21और मिग-29जैसे लड़ाकू विमानों के साथ 2,000 से अधिक घंटे की उड़ान का अनुभव हासिल किया ।



उनकी उपलब्धि पर पिता शंभू दयाल शुक्ला कहते हैं"हमें यकीन नहीं था कि हमारा बेटा इतना बड़ा मुकाम हासिल करेगा।" तो माँ आशा शुक्ला कहती हैं- "मैं ज्योतिष जानती थी । मैंने कहा था तू अंतरिक्ष जाएगा!। 2019 में शुभांशु को ISRO के गगनयान मिशन के लिए चार प्रस्तावित अंतरिक्ष यात्रियों में शामिल किया गया। इसी दौरान, भारत सरकार ने नासा और एक्सिओम स्पेस के साथ समझौता किया, जिसके तहत ISRO ने रू. 550 करोड़ का भुगतान कर शुभांशु को एक्सिओम-4 मिशन में भागीदार बनाया । यह मिशन ISRO, NAS, ES और एक्सिओम स्पेस का संयुक्त प्रयास होगा । इस मिशन से पहला कोई भारतीय आई एस एस पर जाएगा । 24 मई 2025 को शुभांशु और अन्य चालक दल के सदस्यों को 14 दिन के क्वारंटीन में भेज दिया गया है । ताकि अंतरिक्ष यात्रा से पहले किसी भी तरह के संक्रमण का जोखिम न रहे । 8 जून को भारतीय समयानुसार शाम 6:41 बजे, फ्लोरिडा के केनेडी स्पेस सेंटर से स्पेसएक्स के ड्रैगन यान से प्रक्षेपण किया जाएगा। इस मिशन का वैज्ञानिक योगदान सूक्ष्मगुरुत्व में भारतीय खाद्य प्रणालियों का परीक्षण , मैक्रोबायोटिक परिस्थितियों में बीजों को रखना, जिन्हें बाद में पृथ्वी पर उगाया जाएगा , अनुभवों को वीडियो और तस्वीरों के माध्यम से देशवासियों के साथ साझा करना होगा। शुभांशु की यह यात्रा 2027 में गगनयान मिशन के लिए एक महत्वपूर्ण पड़ाव सिद्ध होगी । इसरो चेयरमैन एस. सोमनाथ के नेतृत्व में भारत मानव अंतरिक्ष उड़ानों में स्वावलंबन की ओर बढ़ रहा , शुभांशु की कहानी हर उस युवा के लिए प्रेरणा है, जो साधारण परिवेश से निकलकर असाधारण सपने देखता है।

# राशिफल

**मेष** — आज आपकी किस्मत आपका साथ देगी। आज के सारे काम आसानी से पूरे हो जाऐंगे। साथ ही अपने भविष्य के लिए एक योजना बनाऐंगे और सोच-विचार करेंगे। आज ज्यादातर आपका समय परिवार वालों और दोस्तों की इच्छाओं को पूरा करने में निकल जाएगा। इस राशि के बिजनेस पर्सन आज कुछ रसूखदार लोगों से मिल सकते है।

**वृषभ** — आज आपका दिन उत्साह से भरा रहेगा। किसी नए रिश्ते की शुरुआत करने का मौका मिलने की संभावना है। साथ ही अपने नजदीकी रिश्तों को सुधारने की कोशिश करेंगे, हो सकता है सफलता मिल जाए। इस राशि के बेरोजगार बैठे लोगों को आज किसी मल्टीनेशनल कंपनी से जॉब के ऑफर मिलने के चांस बन रहे है।

**मिथुन** — आपके लिए दिन अच्छा रहेगा। पहले से बनाई हुई योजनाओं के पूरा होने के योग बन रहे है, साथ ही नए काम की योजना बना सकते है। आज आप रिश्तों के प्रति भावना से परिपूर्ण रहोगे, हो सकता है कहीं बाहर घूमने की प्लानिंग भी बन जाए। इस राशि के आर्किटेक क्षेत्र से जुड़े लोगों को आज ऑफिस में किसी पुरानी गलती के कारण डांट पड़ सकती है और काम का प्रेशर ज्यादा हो सकता है।

**कर्क** — आज मेहनत से करे हुए सारे काम पूरे होंगे। बिजनेस के मामले में थोड़ी-सी सावधानी बरतें। आज आपका कोई दोस्त आपसे किसी जरुरी दस्तावेज पर साइन करवाने आ सकते है, बेहतर होगा साइन करने से पहले दस्तावेज को अच्छे से पढ़ लें। और जल्दबाजी में कोई भी कार्य न करें। बिजनेस में जोखिम भरे सौदे करने से बचना होगा।

**सिंह** — आज आपका मन लेखन कार्यों में रहेगा। पहले की किसी पूरानी कविता के कारण आपको कॉलेज में पुरस्कार भी मिल सकता है। इस राशि के जो स्टूडेंट्स अपनी पढ़ाई विदेश में करना चाहते हैं, अपनी पढ़ाई के मामले में विदेशी यूनिवर्सिटी से बातचीत करने के लिए आज अच्छा दिन है। साथ ही परिवार और दोस्तों का पूरा साथ मिलेगा।

**कन्या** — आज का दिन आपका खुशनुमा रहेगा। आज बिजनेस के मामले में नजदीकी दोस्त से समय पर आपको मदद मिल जाएगी, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। इस राशि के अविवाहित लोगों के लिए आज रिश्ते आ सकते है, हो सकता है कि शादी फिक्स भी हो जाए। आर्थिक पक्ष पहले की अपेक्षा मजबूत होगा।

**तुला** — आज आपका आत्मविश्वास बढ़ा हुआ और उम्मीदें भी ज्यादा रहेंगी। आज ऑफिस में काम का टारगेट पूरा होने से बॉस आपसे खुश होकर आपको कोई उपयोगी वस्तु गिफ्ट कर सकते हैं। साथ ही आपको नए अवसर मिलने के चांस बन रहे हैं। टीचर्स के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा, आज आपका प्रमोशन हो सकता है। दोस्तों के साथ बाहर के मौसम का लुफ्ट उठाओगे।

**वृश्चिक** — आज का दिन दुख और सुख से मिला-जुला रहेगा। आज घरेलू चीजों को खरीदने पर आपके अधिक पैसे खर्च हो सकते है। आज आपको रोजगार के उचित अवसर प्राप्त होंगे। माता-पिता का आशीर्वाद आपको मंजिल तर पहुंचाने में मदद करेगा। राजनीति में आप सक्रिय भूमिका निभाएंगे। आप विरोधियों का सामना करेंगे। आज यात्रा कुछ ज्यादा होने की वजह से थकान महसूस करेंगे।

**धनु** — आपकी ऊर्जा का स्तर अच्छा रहेगा। बढ़ी हुी ऊर्जा के साथ आप कोई काम करेंगें तो कम समय में पूरा हो जाएगा। आज आपकी अंदरूनी ताक़त कार्यक्षेत्र में दिन को बेहतर बनाने में भी मददगार साबित होगी। आज उन लोगों से सावधान रहें जो आपको ग़लत राह पर ले जाने की सोचते हैं। जीवनसाथी के जीवन में बदलाव आने से खुशी का माहौल बनेगा। घर में चल रही विवाह संबंधी समस्या जल्द ही सॉल्व हो जाएगी।

**मकर** — आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहेगा। ऑफिस में आज किसी बात को लेकर बॉस से आपको डांट पड़ सकती है। आज ज्यादा क्रोध करने से आपका काम बिगड़ सकता है। बेहतर होगा कि आज किसी भी बात पर जल्दी गुस्सा करने से बचें। आज पॉपर्टी में निवेश करने के लिए दिन शुभ है। कलात्मक कार्यों में आज आपकी रूचि बढ़ेगी।

**कुंभ** — आज आपका दिन राहत पूर्ण रहने वाला है। आज आपके पारिवारिक जीवन में उत्साह का माहौल रहेगा। इस राशि वाले कवियों के लिए आज का दिन अत्यन्त महत्वपूर्ण रहने वाला है। आज आपको अपनी प्रतिभा के लिए पुरस्कार भी मिल सकते है। इस राशि के लवमेट के लिए आज का दिन शुभ है। आज आप अपने साथी से मन की बात कर उन्हें कही घूमाने ले जा सकते है।

**मीन** — आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। इस राशि वाले अगर आज नई योजनाएं शुरू करना चाह रहें है तो उसे टाले नहीं शुरू कर दें। आज आप जो भी कार्य करेंगे उसमें आपको सफलता अवश्य मिलेगी। नौकरीपेशा वाले लोगों को आज अपने सहकर्मियों का पूर्ण योगदान प्राप्त होगा। आज आप पास आये नए मौकों को हाथ से न जाने दें।

# परेशानी का कारण बनता आरबीआई का संदेश

(संदीप सृजन-विनायक फीचर्स)



भारतीय रिज़र्व बैंक देश की वित्तीय प्रणाली का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है, जो मौद्रिक नीतियों को लागू करने, मुद्रा प्रबंधन और वित्तीय जागरूकता बढ़ाने जैसे कार्यों के लिए जाना जाता है। हाल के वर्षों में, आरबीआई ने जनता को साइबर धोखाधड़ी और वित्तीय अपराधों के प्रति जागरूक करने के लिए कई अभियान शुरू किए हैं। इनमें से एक अभियान में बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन की आवाज का उपयोग किया गया, जिसका उद्देश्य लोगों को साइबर ठगी से बचाने के लिए जागरूक करना है।

जब भी हम किसी नंबर पर कॉल करते हैं, तो कॉल कनेक्ट होने से पहले अमिताभ बच्चन की आवाज में एक संदेश सुनाई देता है, जिसमें साइबर धोखाधड़ी से बचने की सलाह दी जाती है। संदेश में आमतौर पर यह बताया जाता है कि कोई भी बैंक या वित्तीय संस्थान व्यक्तिगत जानकारी जैसे ओटीपी, पासवर्ड, या बैंक खाता विवरण नहीं मांगता। साथ ही, यह लोगों को संदिग्ध लिंक्स पर क्लिक करने या अनजान कॉल्स का जवाब देने से मना करता है। यह संदेश विभिन्न भाषाओं में उपलब्ध है, ताकि देश के हर हिस्से में लोग इसे समझ सकें। लेकिन, यह संदेश, जो मोबाइल फोनों पर कॉलर ट्यून के रूप में बजता है, कुछ लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गया है। क्योंकि यह संदेश हर बार कॉल करने पर बार-बार सुनाई देता है, जिससे कुछ उपयोगकर्ताओं को असुविधा होने लगी। विशेष रूप से, वे लोग जो दिन में कई बार कॉल करते हैं, जैसे कि व्यवसायी, पेशेवर, या ग्राहक सेवा से जुड़े कर्मचारी, इस संदेश को सुनकर थकान और चिड़चिड़ापन महसूस करने लगे। लोगों की सबसे बड़ी शिकायत यह है कि यह संदेश हर कॉल के साथ दोहराया जाता है। भले ही संदेश महत्वपूर्ण है, लेकिन इसे बार-बार सुनना कुछ लोगों के लिए कष्टप्रद हो सकता है।

विशेष रूप से, आपातकालीन स्थिति में, जब कोई तुरंत कॉल कनेक्ट करना चाहता है, यह संदेश देरी का कारण बन सकता है। हालांकि संदेश संक्षिप्त है, फिर भी यह 10-15 सेकंड तक चलता है। बार-बार कॉल करने वालों के लिए यह समय भी काफी लंबा लगता है। जो कि उनके समय को बर्बाद करता है। अमिताभ बच्चन की आवाज, जो सामान्य रूप से प्रेरक और आकर्षक मानी जाती है, इस संदर्भ में कुछ लोगों को चेतावनी देने वाली या डरावनी लग सकती है। बार-बार एक ही संदेश सुनने से कुछ उपयोगकर्ताओं में तनाव या बेचैनी की भावना उत्पन्न हो सकती है। कुछ मामलों में, कॉलर ट्यून के कारण कॉल कनेक्ट होने में देरी होती है, जिससे उपयोगकर्ताओं को लगता है कि उनकी कॉल ठीक से काम नहीं कर रही। यह तकनीकी




असुविधा उन लोगों के लिए विशेष रूप से परेशान करने वाली है जो कमजोर नेटवर्क क्षेत्रों में रहते हैं। आरबीआई ने इस अभियान को लागू करने के लिए टेलीकॉम कंपनियों के साथ साझेदारी की है। जियो, एयरटेल, वोडाफोन-आइडिया जैसी प्रमुख टेलीकॉम कंपनियों ने इस संदेश को अपने नेटवर्क पर कॉलर ट्यून के रूप में लागू किया। हालांकि, टेलीकॉम कंपनियों ने उपयोगकर्ताओं को इस संदेश को बंद करने का कोई विकल्प नहीं दिया है, जिससे असंतोष बढ़ा है। कुछ उपयोगकर्ताओं ने सुझाव दिया है कि इस संदेश को वैकल्पिक किया जाए, ताकि जो लोग इसे सुनना न चाहें, वे इसे बंद कर सकें। टेलीकॉम कंपनियों को उपयोगकर्ताओं को यह विकल्प देना चाहिए कि वे इस संदेश को सुनना चाहते हैं या नहीं। एक साधारण सेटिंग के माध्यम से उपयोगकर्ता इसे अक्षम कर सकते हैं। हर कॉल पर संदेश बजाने के बजाय, इसे दिन में एक निश्चित संख्या तक सीमित किया जा सकता है। उदाहरण के लिए, दिन में पहली कुछ कॉलों पर ही यह संदेश बजे। संदेश को और संक्षिप्त किया जा सकता है ताकि यह उपयोगकर्ताओं के लिए कम कष्टप्रद हो। आरबीआई को जागरूकता बढ़ाने के लिए अन्य माध्यमों, जैसे सोशल मीडिया, टीवी विज्ञापन, या एसएमएस अभियानों पर भी ध्यान देना चाहिए। इससे कॉलर ट्यून पर निर्भरता कम होगी। आरबीआई और टेलीकॉम कंपनियों को उपयोगकर्ताओं की शिकायतों पर ध्यान देना चाहिए और इस अभियान को और उपयोगकर्ता-अनुकूल बनाने के लिए उपाय करने चाहिए। जागरूकता और सुविधा के बीच संतुलन बनाना महत्वपूर्ण है ताकि यह अभियान अपनी प्रभावशीलता बनाए रखे और साथ ही उपयोगकर्ताओं की असुविधा को कम करे। अमिताभ बच्चन की आवाज, जो पहले पोलियो उन्मूलन जैसे अभियानों में चमत्कार कर चुकी है, इस अभियान में भी सकारात्मक बदलाव ला सकती है, बशर्ते इसे सही दिशा में लागू किया जाए।

# उत्तरप्रदेश एवं मध्यप्रदेश के अधिकारियों ने बाढ़ नियंत्रण के लिए किया विचार मंथन

## वर्षा से जुड़ी सभी महत्वपूर्ण जानकारियाँ तत्काल उपलब्ध कराएं : कमिश्नर रीवा
## बांधों के भरने के प्रोटोकाल का पूरी तरह से पालन होगा : कमिश्नर मिर्जापुर




**रीवा,कासं.।** रीवा जिले के त्योंथर क्षेत्र में बाढ़ की समस्या से निपटने के लिए मध्यप्रदेश तथा उत्तरप्रदेश के वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से विचार मंथन किया। कमिश्नर कार्यालय के एनआईसी केन्द्र से कमिश्नर रीवा बीएस जामोद ने कहा कि मध्यप्रदेश की टमस तथा उत्तरप्रदेश की बेलन नदियों के जल क्षेत्र में लगातार भारी वर्षा होने पर त्योंथर क्षेत्र में बाढ़ का खतरा उत्पन्न हो जाता है। बाढ़ से बचाव और स्थिति पर नियंत्रण के लिए दोनों राज्यों के अधिकारी वर्षा से जुड़ी सभी महत्वपूर्ण जानकारियाँ तत्काल एक-दूसरे को उपलब्ध कराएं। बाढ़ नियंत्रण से संबंधित कंट्रोल रूम तत्काल शुरू कर दें। बाढ़ नियंत्रण से जुड़े प्रशासनिक तथा पुलिस अधिकारियों एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर फोन नम्बर अपडेट कर लें। लगातार वर्षा की स्थिति में बांधों के जल स्तर तथा वर्षा की मात्रा के संबंध में हर घंटे जानकारी साझा करें। लगातार सम्पर्क और समन्वय से किसी भी आपात स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास करें। जल प्रबंधन की कमी के कारण किसी भी क्षेत्र में बाढ़ का प्रकोप नहीं होना चाहिए। बैठक में वीडियो कान्फ्रेंसिंग से शामिल कमिश्नर मिर्जापुर बीके त्रिपाठी ने कहा कि सिंचाई के लिए बांधों में पानी के संग्रहण के साथ-साथ आमजनता को बाढ़ से सुरक्षित रहने पर भी पूरा ध्यान दिया जाएगा। मेजा, सिरसी तथा अदवा बांधों में जल भराव में जल संसाधन विभाग के निर्धारित प्रोटोकाल का पूरी तरह से पालन किया जाएगा। बांधों से यदि आपात स्थिति में पानी छोड़ने की आवश्यकता हुई तो निचले इलाकों में समय पर सूचना दी जाएगी। दोनों राज्यों के अधिकारी टमस नदी के जल प्रवाह और बेलन नदी के जल प्रवाह को नियंत्रित करने के लिए समन्वय से प्रयास करेंगे। हम त्योंथर क्षेत्र में बाढ़ न आए इसके लिए पूरी सावधानी बरतेंगे। वर्षा की स्थिति और अनुमानों के आधार पर बाढ़ से जुड़े आवश्यक प्रबंध किए जाएंगे। वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ मैदानी अमला भी एक-दूसरे के साथ सतत संपर्क में रहेगा। बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि टमस एक्वाडक्ट और बियर बांध में अधिक मात्रा में पानी आने पर टमस नदी के जलग्रहण क्षेत्र में जल स्तर में तेजी से वृद्धि होती है और त्योंथर क्षेत्र के 100 से अधिक गांवों में बाढ़ का खतरा पैदा हो जाता है। इस बियर बांध से जल निकासी की समुचित प्रबंधों की आवश्यकता है। जल संसाधन विभाग के अधिकारी एक-दूसरे के संपर्क में रहकर सभी महत्वपूर्ण सूचनाएं समय पर दें तथा कंट्रोल रूम को भी लगातार स्थिति से अवगत कराएं। बैठक में चीफ इंजीनियर जल संसाधन विभाग अशोक कुमार डेहरिया ने कहा कि गत वर्षों के अनुभव तथा वर्षा की स्थिति के अनुसार बाढ़ नियंत्रण की कार्ययोजना तैयार की गई है। इससे जुड़े अधिकारियों के फोन नम्बर का व्हाट्सएप ग्रुप बना लिया गया है। अदवा, सिरसी और मेजा बांधों को भरने के प्रोटोकाल का यदि पालन करेंगे तो बाढ़ की स्थिति नहीं आएगी। बांधों को अधिकतम स्तर में भरने के लिए वर्षा के अंतिम चरण तक प्रतीक्षा करनी चाहिए। टमस और बेलन नदी के जल ग्रहण क्षेत्रों में लगातार भारी बारिश होने पर दोनों राज्यों के अधिकारी बांधों से पर्याप्त अंतराल से पानी छोड़कर बाढ़ की स्थिति पर बहुत हद तक नियंत्रण कर सकते हैं। उन्होंने बाढ़ से निपटने के लिए किए गए प्रबंधों की बिन्दुवार जानकारी दी। बैठक में अपर कमिश्नर नीतू माथुर, पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह, कार्यपालन यंत्री मनोज तिवारी, उपायुक्त श्रेयस गोखले, संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, कार्यपालन यंत्री अमरदीप त्रिपाठी, संभागीय कमाण्डेंट होमगार्ड महेशचन्द्र पंद्रे तथा जल संसाधन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से सोनभद्र, मिर्जापुर जिलों के प्रशासनिक, पुलिस और जल संसाधन विभाग के अधिकारी बैठक में शामिल हुए।

# सीमांकन के प्रकरणों का 30 जून तक निराकरण करें : कलेक्टर

## सर्किलवार रोस्टर बनाकर समय सीमा के प्रकरणों का निराकरण करायें : कलेक्टर



**रीवा,कासं.।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने समय सीमा बैठक में सीएम हेल्पलाइन 50 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों सहित आरसीएमएस में दर्ज शिकायतों के निराकरण की सीमा की। उन्होंने बैठक में उपस्थित समस्त तहसीलदारों को निर्देश दिये कि सीमांकन के सभी प्रकरण 30 जून तक अनिवार्यतः निराकृत करें तथा समाधान की 50 दिवस की लंबित शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण करायें।

कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने राजस्व विभाग में सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि कब्जे से संबंधी शिकायतों में बेदखली की कार्यवाही करते हुए निराकृत करें। स्वामित्व योजना के तहत जवा एवं त्योंथर के लंबित प्रकरणों का प्रारूप प्रकाशन कराकर निराकरण करायें।

उन्होंने जिले में फार्मर रजिस्ट्री के प्रकरणों में न्यून प्रगति पर अप्रसन्नता व्यक्त की तथा प्रतिदिवस समीक्षा कर प्रगति लाने के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिये। समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने विभागीय को निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों को संतुष्टि पूर्वक निराकरण करायें तथा ए ग्रेड में आये तभी जिले को ए ग्रेड मिलेगा। बैठक में बिना सूचना अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये।

टीएल बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों को 30 जून तक पूर्ण करने तथा 15 जून तक वृक्षरोपण हेतु सभी आवश्यक तैयारियाँ सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर, समस्त एसडीएम, तहसीलदार, सीईओ जनपद तथा विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# डाटा अपडेशन में किसी भी प्रकार की देरी पर होगी कार्रवाई : उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा

### डाटा क्लीनिंग एक सतत् प्रक्रिया
### अब तक किये गए डाटा सत्यापन में नहीं मिला कोई संदिग्ध कर्मचारी
### सभी डीडीओ को समय पर डाटा अपडेट करने के निर्देश

**भोपाल,ब्यूरो।** उप मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने प्रदेश के सभी कर्मचारियों के डाटा को समय पर अपडेट करने के निर्देश जिम्मेदार अधिकारियों को दिये हैं। उन्होंने निर्देशित किया है कि डाटा अपडेशन में देरी पर संबंधित डीडीओ की जिम्मेदारी तय की जाए। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने बताया कि डाटा क्लीनिंग एक्सरसाइज एक सतत् प्रक्रिया है, जिससे सेवानिवृत्त होने वाले, प्रतिनियुक्ति पर रहने वाले कर्मचारियों, मृत कर्मचारियों एवं अन्य विभिन्न स्थितियों में अन्य स्थानों पर कार्य करने वाले कर्मचारियों का डाटा अपडेट किया जाता है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के कर्मचारियों का डाटा सत्यापन किया गया है और अभी तक कोई भी कर्मचारी संदिग्ध नहीं पाया गया है अर्थात किसी भी कर्मचारी को किसी भी प्रकार से कोई भी आर्थिक लाभ नियमों के विपरीत नहीं मिला है। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने बताया कि डाटा क्लीन करने की प्रक्रिया के बाद IFMIS NEXT GEN मे Data Migration करना सुविधाजनक होगा। इससे शुद्ध डाटा की फीडिंग हो सकेगी।

उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने बताया कि प्रदेश में आयुक्त कोष एवं लेखा द्वारा गठित स्टेट फाइनेंशियल इंटेलिजेंस सेल (SFIC) द्वारा विभिन्न डाटा सेट्स का परीक्षण तथा विश्लेषण निरंतर हो रहा है। सरकार द्वारा सुशासन के दृष्टिगत की जाने वाली कार्यवाही में IFMIS डाटा से संज्ञान में आया कि प्रदेश में 36 हजार 26 नियमित, 8 हजार 784 गैर नियमित कुल मिलाकर 44 हजार 810 कर्मचारियों का वेतन आहरित नहीं किया गया है। शासन स्तर से वेतन आहरण नहीं होने के कारणों का पता लगाने के लिये निर्देश जारी किये गये। संभावित कारणों की पड़ताल होने पर जांच में सामने आया कि त्यागपत्र देने वाले कर्मचारी, सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी, प्रतिनियुक्ति पर जाने वाले कर्मचारी,बगैर एम्पलाई कोड वाले कर्मचारी और मृत कर्मचारियों का डाटा समय पर अपडेट नहीं होने से कर्मचारियों का डाटा मिसमेच हुआ है। शासन स्तर से इनकी वास्तविक संख्या ज्ञात करते हुए IFMIS में DDO तथा कोषालय अधिकारी स्तर से डेटाबेस में आवश्यक अपडेट कराने के उद्देश्य से समस्त DDO से जानकारी कोषालय अधिकारियों के माध्यम से एकत्रित कर भविष्य में सभी प्रविष्टियां समय पर करने के निर्देश दिये गये हैं।

आयुक्त कोष एवं लेखा ने बताया है कि इस सन्दर्भ में ऐसे नियमित एवं गैर नियमित कर्मचारियों की डाटा सम्बन्धी जानकारी प्राप्त की गई है, जिनका वेतन IFMIS कोषालय प्रणाली से आहरित नहीं हुआ है, (यह अन्य किसी प्रणाली से आहरित हो सकता है यथा प्रतिनियुक्ति, स्थानीय निकाय आदि)। इसके साथ अन्य संभावित कारणों को DDO के माध्यम से एकत्रित किया गया है। आयुक्त कोष एवं लेखा ने बताया कि प्रथम दृष्टया DDO से सत्यापन उपरांत जानकारी विश्लेषण करने पर अभी तक कोई संदिग्ध कर्मचारी परिलक्षित नहीं हुआ है। समस्त DDO को एम्पलाई कोड के समक्ष उपयुक्त flagging करने तथा एग्जिट एंट्री इत्यादि के माध्यम से डेटाबेस अद्यतन करने के निर्देश दिये गये हैं।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान में किसानों को दी जा रही उन्नत खेती की जानकारी

**रीवा,कासं.।** जिले के प्रत्येक विकासखण्ड में विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत ग्राम पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर कृषि विभाग के अधिकारी तथा कृषि वैज्ञानिक किसानों को उन्नत खेती की जानकारी दे रहे हैं। इस संबंध में उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने बताया कि रायपुर कर्चुलियान विकासखण्ड के लोहदवार तथा रौरा में आयोजित शिविर में किसानों को डॉ चन्द्रजीत सिंह कृषि वैज्ञानिक ने किसानों को धान की उन्नत किस्म तथा बीजोउपचार की जानकारी दी। किसानों को बताया गया कि फसल बीमा योजना नाममात्र के प्रीमियम पर की जाती है। किसान की फसल हमेशा खुले में रहती है। उसे सदैव विभिन्न तरह के प्राकृतिक प्रकोपों का सामना करना पड़ता है। प्राकृतिक प्रकोपों से फसलों को हानि होने पर किसान को बीमा सुरक्षा का लाभ मिलता है। इसलिए हर किसान अपनी फसल का बीमा अवश्य कराएं। शिविर में 82 किसान उपस्थित रहे। अभियान के तहत विकासखण्ड जवा के ग्राम इटमा में आयोजित शिविर में किसानों को कृषि, उद्यानिकी और पशुपालन विभाग की योजनाओं की जानकारी दी गई। शिविर में बताया गया कि किसान शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेकर गौपालन करें। इसके माध्यम से किसानों को अतिरिक्त आय प्राप्त होगी। खेत तालाब में यदि आठ-नौ माह तक पानी रहता है तो उसमें कम अवधि की मछलियों का पालन किया जा सकता है। बकरी पालन तथा मुर्गी पालन के लिए भी शासन की योजनाओं से किसानों को सहयोग किया जाता है। विकासखण्ड गंगेव में आयोजित विकसित कृषि संकल्प अभियान में जनपद सदस्य रामबहोर कोरी तथा सरपंच ममता अजय शुक्ला ने भागीदारी निभाई। शिविर में 104 किसानों की सहभागिता रही। शिविर में कृषि वैज्ञानिक एके पटेल, वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी शिवशरण सरल तथा अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। शिविर में प्राकृतिक खेती मिशन, उन्नत कृषि उपकरणों तथा उद्यानिकी विभाग की योजनाओं की जानकारी दी गई।

## संक्षिप्त समाचार

### रोजगार मेला 16 जून को महावीर आईटीआई रीवा में

**रीवा,कासं.।** युवा संगम कार्यक्रम के तहत महावीर आईटीआई रीवा में 16 जून को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक रोजगार मेला आयोजित किया जायेगा। रोजगार मेले में जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस संबंध में उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में 12 कंपनियों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा। मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों में युवक एवं युवतियों की आयु सीमा तथा शैक्षणिक योग्यता अलग-अलग निर्धारित की गई है। वेतन एवं भत्ते 8500 रुपए से 25 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है। वेतन एवं भत्ता विभिन्न कंपनियों में अलग-अलग देय होगा। युवाओ को अपने साथ मूल अंकसूची तथा निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा। उप संचालक ने बताया कि रोजगार मेले में अलर्ट एसजीएस प्रा. लि. रायपुर छत्तीसगढ़, आमधनी प्रा. लि. एमआरएफ टायर्स गुजरात, अपोलो टायर्स याजाकी धूत ट्रांसमिशन गुजरात, एल एण्ड टी कंस्ट्रक्शन कांचीपुरम, शक्ति पंप इंडिया लि. पीथमपुर धार, महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा नासिक महाराष्ट्र, प्रगतिशील एग्रोटेक प्रा. लि. रीवा, एचडीएफसी लाइफ इश्योरेन्स कंपनी लिमि. रीवा, प्रगतिशील बायोटेक प्रा. लि. रीवा, भारती एक्सा लाईफ इंश्योरेंस प्रा. लि. रीवा, ग्रेट आर्ग्रेनिक डायमंड कंपनी लि. सागर तथा स्वतंत्र माइक्रोफिन प्रा. लि. भोपाल में रोजगार के अवसर उपलब्ध रहेंगे।

### नवोदय विद्यालय में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**रीवा,कासं.।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय सिरमौर में शिक्षा सत्र 2026-27 में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 31 मई से प्रारंभ हो चुकी है। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 29 जुलाई निर्धारित की गई है। इच्छुक विद्यार्थी किसी भी ऑनलाइन सेंटर अथवा मोबाइल के माध्यम से प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन कर सकता है। इस संबंध में विद्यालय के प्राचार्य मनीष तिवारी ने बताया कि विद्यार्थी को रीवा अथवा मऊगंज जिले के शासकीय विद्यालय अथवा मान्यता प्राप्त अशासकीय विद्यालय में कक्षा 5 में अध्ययरत एवं रीवा अथवा मऊगंज जिले का निवासी होना चाहिए। विद्यार्थी ने कक्षा 3 और 4 की निरंतर पढ़ाई शासकीय अथवा मान्यता प्राप्त अशासकीय विद्यालय से पूर्ण शिक्षण सत्र में उत्तीर्ण की हो तथा वर्तमान में कक्षा 5 में अध्ययनरत हो। विद्यार्थी 29 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। कक्षा में आगामी सत्र में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा 13 दिसम्बर को रीवा और मऊगंज जिले के सभी विकासखण्ड मुख्यालय में आयोजित की जाएगी। इसके आधार पर तैयार मेरिट सूची के अनुसार विद्यार्थियों को कक्षा 6 में प्रवेश दिया जाएगा। इस संबंध में अन्य जानकारियाँ और विवरण नवोदय डॉट जीओभी डॉट इन लिंक पर भी प्राप्त की जा सकती हैं। इसका आवेदन पत्र वेबसाइट सीबीएसईआईटीएमएस डॉट आरईआईएल डॉट जीओभी डॉट इन पर किया जा सकता है।

### केन्द्रीय जेल में बंदियों के लिये युग पुरोहित के प्रशिक्षण का किया गया शुभारंभ

**रीवा,कासं.।** महानिदेशक जेल जीपी सिंह के निर्देश पर सुधारात्मक सेवाएं अन्तर्गत केन्द्रीय जेल में परिरुद्ध बंदियों को युग पुरोहित का प्रशिक्षण आरंभ किया गया है। जेल अधीक्षक केन्द्रीय के विशेष प्रयास से गायत्री परिवार के आचार्यों के कुशल मार्गदर्शन में परिरुद्ध बंदियों का युग पुरोहित का 30 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

# कृषि आधारित उद्योग लगाने पर मिलेगी 50 प्रतिशत सब्सिडी : मुख्यमंत्री

### 80 करोड़ रुपये से अधिक के 135 निर्माण कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया
### मुख्यमंत्री सुगम बस योजना की होगी शुरूआत
### मुख्यमंत्री ने की गाडरवाड़ा में गौशाला निर्माण की घोषणा




भोपाल ब्यूरो।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि उनका और राज्य सरकार का गाडरवारा के नागरिकों के साथ विकास और विश्वास का रिश्ता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के किसानों को कृषि आधारित उद्योग लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। कृषि उद्योग समागम मेला भी लगाए जा रहे हैं। कृषि आधारित उद्योग लगाने वाले किसानों को 50 प्रतिशत तक की सब्सिडी दी जाएगी। कृषि उद्योग से जुड़े रोजगार परक कारखाने बनायेंगे, जहां काम करने वाले को 5 हजार रुपये महिने भी दिये जायेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गाडरवाड़ा में गौशाला निर्माण किए जाने और प्रदेशवासियों को सुगम परिवहन सेवा भी उपलब्ध करवाने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को नरसिंहपुर जिले के गाडरवाड़ा में 80 करोड़ रूपये से अधिक के निर्माण और विकास कार्यों का भूमिपूजन तथा लोकार्पण करने के बाद जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास की नई ऊंचाईयों को छू रहा है। विश्व में देश का मान-सम्मान बढ़ा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के सेवा एवं सुशासन के 11 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। विकास की नई उपलब्धियां सभी के सामने हैं। उनके कार्यकाल में तीन तलाक का कानून पास हुआ, जिसके क्रियान्वयन में कहीं भी कोई विरोध नहीं हुआ। धारा 370 हटाने पर देश के अंदर एक आनंद का माहौल रहा। पहलगांव की घटना में पूरा देश एकजुट हुआ और पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया गया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अयोध्या में भगवान श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कर देश में सनातन संस्कृति को नई ऊंचाई प्रदान की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में गरीब, युवा, किसान और महिला सशक्तिकरण की दिशा में तेजी से कार्य हो रहे हैं और इसका समाज में व्यापक असर भी दिख रहा है।

### नई पीढ़ी को शिक्षित करने की मुहिम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नव प्रवेशित बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत कर उन्हें पुस्तकें प्रदान की। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को बेहतर शिक्षा देने का प्रबंध किया जा रहा है, ताकि बच्चे देश के लोकतंत्र, सभ्यता व संस्कृति को जान सकें और अपने उज्ज्वल भविष्य के सपने को साकार कर सकें।

### महिला सशक्तिकरण प्राथमिकता

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नारी सशक्तिकरण की दिशा में भी प्रदेश सरकार कई कल्याणकारी कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि लाड़ली बहना की राशि 5 साल में तीन हजार रुपये कर दी जायेगी। पहले साल में एक बार रक्षाबंधन का त्यौहार आता था, लेकिन अब लाड़ली बहना योजना की राशि आने से हर महीने बहनों के लिए त्यौहार जैसा माहौल रहता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि परिसीमन के बाद लोकसभा व विधानसभा चुनाव में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिया जायेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रिमोट के माध्यम से 80 करोड़ 46 लाख 30 हजार रुपये के 135 निर्माण कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। उन्होंने 56 करोड़ 58 लाख 6 हजार रुपये के 67 निर्माण कार्यों का लोकार्पण और 23 करोड़ 88 लाख 24 हजार रुपये के 68 निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के विकास के कार्यों में कोई कोर कसर नहीं रखी जायेगी। जिले के विकास के लिए मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह द्वारा जो प्रस्ताव दिए गए हैं, उन्हें पूर्ण किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वृहद स्तर पर सोलर पॉवर कनेक्शन प्रदाय किए जाएंगे, जिससे किसानों को बिजली की समस्या से मुक्ति मिलेगी।

मुख्यमंत्री सुगम बस योजना की प्रदेश में होगी शुरूआत

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यात्रियों की सुविधा के दृष्टिगत शीघ्र ही पूरे प्रदेश में मुख्यमंत्री सुगम बस योजना प्रारंभ की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य परिवहन निगम पुनः पूरे प्रदेश में बसों का संचालन करेगा।

उन्होंने कहा कि सांईखेड़ा में 132 केव्ही का विद्युत सबस्टेशन बनेगा। उन्होंने 60 करोड़ रुपये की लागत से चीचली-सालीचौका 20 किमी सड़क बनाने की घोषणा की और 27 करोड़ रुपये की लागत से अर्जुनगांव से गाडरवारा 17.50 किमी की सड़क बनाने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कांसे, पीतल का उपयोग करें इससे चीचली सहित हमारे आसपास के भाई-बहनों को काम मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस बार गुरू पूर्णिमा एवं कृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई जायेगी। दशहरे में रावण का दहन तो होगा ही, साथ ही शस्त्र-पूजन भी किया जायेगा।

# भोपाल सनातन संस्कृति के केंद्र के रूप में बना रहा है पहचान-मुख्यमंत्री

भोपालब्यूरो।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भोपाल, सनातन संस्कृति के केंद्र के रूप में पहचान बनाने की दिशा में एक और कदम आगे बढ़ा है। कैंची धाम वाले नीम करोली महाराज के हनुमत धाम के निर्माण से भोपाल की आभा और कीर्ति बढ़ेगी। भोपाल में राजा भोज के नाम से भोज द्वार बनाने का संकल्प लिया था, हनुमत धाम निर्माण भी इसी दिशा में एक कदम है। सम्राट विक्रमादित्य सहित भारतीय संस्कृति से जुड़े सभी गौरवशाली पक्षों को यहां प्रदर्शित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कैंची धाम वाले नीब करोली महाराज के रतनपुर भोपाल में बन रहे हनुमत धाम के भूमि पूजन कार्यक्रम को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर प्रकाशित स्मारिका कैंची धाम वाले नीब करोली महाराज-बाबा का हनुमत धाम का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भोपाल में बाबा का धाम बनाने का राम राज बाबा नीब करौरी चैरिटेबल ट्रस्ट का संकल्प स्वागत योग्य है। बाबा से जुड़े कार्यक्रम में सम्मिलित होना सौभाग्य का विषय है। धाम निर्माण का संकल्प एक अध्यात्मिक युग के सूत्रपात जैसा है।

# विद्यालय में नामांकन से छुटे बच्चों से बात करने उनके गांव पहुंचे डीएम

**बच्चों में शिक्षा के प्रति जगाई रुचि, बाधाओं को दूर करने का अभिभावकों को दिलाया भरोसा**

**शिक्षा से वंचित नहीं रहेगा कोई भी बच्चा, हर बाधा को दूर कर विद्यालय में प्रवेश दिलाएंगे - डीएम**

**पहले चरण में विगत 3 वर्षों में पढ़ाई छोडऩे वाली बच्चियों का होगा चिन्हांकन**



**ललितपुर।** जनपद में कक्षा 8 उत्तीर्ण प्रत्येक बच्चे को कक्षा 9 में प्रवेश दिलाने के लिए जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने अनोखी पहल शुरू की है, जिसके अंतर्गत प्रवेश से वंचित हर बच्चे को चिन्हित कर बाधाओं को दूर करते हुए विद्यालयों में नामांकन करवाए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए जिलाधिकारी ने जनपद स्तर, ब्लॉक स्तर व ग्राम पंचायत स्तर पर अधिकारियों/कर्मचारियों की टीमें तैनात की हैं, जो कक्षा 9 में प्रवेश न लेने वाले बच्चों का चिन्हांकन कर रहे हैं और प्रवेश न लेने के कारण का पता लगाते हुए उस कारण का निस्तारण करा रहे हैं, तत्पश्चात हर छूटे हुए बच्चे को विद्यालयों में प्रवेश दिलाया जाएगा। इसी उद्देश्य को लेकर डीएम अक्षय त्रिपाठी ने विकास खंड तालबेहट के ग्राम तरई फाटक के उच्च प्राथमिक विद्यालय में ग्रामीण बच्चों और उनके अभिभावकों के साथ वार्ता की। उन्होंने अभिभावकों से कहा कि आज के समय में शिक्षा बहुत महत्वपूर्ण है, जनपद में कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहेगा, कोई भी कारण बच्चों की शिक्षा में बाधा नहीं बनना चाहिए, आप में से कई लोगों को शिक्षा के लिए इतनी सुविधाएं शायद नहीं मिली होंगी, परंतु आज आपके ही गांव में राजकीय विद्यालय मौजूद हैं, इसलिए अपने बच्चों का विद्यालय में नामांकन अवश्य कराएं, बच्चे शिक्षित होंगे तो भविष्य में शासकीय सेवाओं या स्वरोजगार कर आत्मनिर्भर बन सकेंगे और समाज में एक सम्मानजनक जीवन जिएंगे। इसके साथ ही बच्चे भी यह सुनिश्चित करें कि उनका कोई साथी जो पिछली क्लास में उनके साथ था लेकिन किसी कारण से पढ़ाई छोड़ दी है, उसे भी प्रवेश लेने के लिए प्रेरित करें। इस दौरान उन्होंने गांव के बच्चों को अपने पास बुलाकर उनसे प्रवेश न लेने का कारण जाना, उनकी काउंसलिंग की और शिक्षा के प्रति प्रेरित किया। जिलाधिकारी ने बच्चों के अभिभावकों से भी बात की और उनकी पारिवारिक स्थिति को जाना। बच्चों और अभिभावकों द्वारा कई आर्थिक और सामाजिक व अन्य कारण बताए गए, जिन्हें जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक के माध्यम से सूचीबद्ध करवाते हुए उनका निस्तारण कराकर बच्चों का विद्यालय में नामांकन कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए कि जनपद में चल रहे सर्वे में सबसे पहले वे गांव चिन्हित किए जाएं जिनमें पहले से राजकीय हाई स्कूल हैं, जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिए गए कि पिछले 3 साल में 9वीं कक्षा की वे छात्राएं जिन्होंने किसी विषय में फैल होने के कारण पढ़ाई छोड़ दी है, उनकी विद्यालयवार सूची उपलब्ध कराए, इसके साथ ही जिला विकास अधिकारी और जिला विद्यालय निरीक्षक की निगरानी में कल से ही जिला स्तरीय, ब्लॉक स्तरीय और ग्राम पंचायत स्तरीय अधिकारियों की ड्यूटी लगाकर विगत 3 साल से पढ़ाई छोडऩे वाली बालिकाओं का चिन्हांकन कर प्रवेश दिलाए जाए। डीआईओएस ने बताया कि ग्राम में उच्च प्राथमिक विद्यालय, केके वर्ल्ड जूनियर हाई स्कूल और वीणा वादनी इंटर कॉलेज हैं जिनमें कुल 127 बच्चों के सापेक्ष मात्र 34 बच्चों ने एडमिशन लिया है, जिनसे संपर्क करने पर उनके अभिभावकों द्वारा जुलाई में एडमिशन लेने की बात कही गई। इसके अलावा मौके पर विगत 3 वर्षों में एडमिशन न लेने वाली 10 बच्चियों की सूची उपलब्ध कराई गई, जिनमें सोनम, चमेली, कंचन, चांदनी, दीपा, नीतू, लक्ष्मी उपस्थित रहीं, जिनसे जिलाधिकारी ने वार्ता की। उन्होंने बताया कि राजकीय हाई स्कूल तरई फाटक में अब तक 76 एडमिशन हो चुके हैं, जिस पर प्रधानाचार्य कृष्णा साहू को निर्देश दिए गए कि पढ़ाई छोडऩे वाली बच्चियों से वे स्वयं संपर्क करेंगी। इस दौरान डीडीओ अतिरंजन सिंह, डीपीआरओ नवीन मिश्रा, डीआईओएस ओपी सिंह, बीडीओ तालबेहट सौरभ वर्णवाल, बीडीओ समर सिंह सहित विद्यालय के शिक्षक, छात्र छात्राएं, ग्राम प्रधान और ग्रामीण उपस्थित रहे।

# प्रशान्त राणा बने सिविल लाइन चौकी प्रभारी

**एसपी ने 11 उप निरीक्षक, मुख्य आरक्षी व आरक्षी का किया ट्रांस्फर**



**ललितपुर।** ग्रामीण अंचलों में बढ़ती आपराधिक घटनाओं पर प्रभावी तरीके से रोक लगाने और जिले में कानून व सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त बनाये रखने के लिए पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने बीती देर रात ग्यारह उप निरीक्षकों, एक मुख्य आरक्षी व एक आरक्षी का स्थानान्तरण कर दिया है। रात करीब 2 बजे जारी हुये आदेश से पुलिस महकमे में हलचल देखी जा रही है। पुलिस विभाग के सोशल मीडिया सेल से जारी सूची के अनुसार एसपी ने उ.नि. अरूण कुमार को थाना तालबेहट से चौकी प्रभारी विरधा, उ.नि. भूपेन्द्र सिंह को थाना कोतवाली से चौकी प्रभारी नत्थीखेंडा, उ.नि. सुबोध सिंह को चौकी प्रभारी धौर्रा से थाना पाली, उ.नि. मनीष कुमार को थाना जखौरा से चौकी प्रभारी धौर्रा, उ.नि.प्रशांत राणा को चौकी प्रभारी जेल से चौकी प्रभारी सिविल लाइन, उ.नि. संजय कुमार दुबे को चौकी प्रभारी सिविल लाइन से जेल चौकी प्रभारी बनाया गया है। इसके अलावा उ.नि. रज्जन बाबू को चौकी प्रभारी नत्थीखेड़ा से थाना कोतवाली, उ.नि. दिग्विजय सिंह को थाना जाखलौन से वाचक उ.नि. थाना बानपुर, उ.नि. विपिन डेढ़ा को थाना मड़ावरा से थाना जाखलौन, उ.नि. ललित उज्ज्वल को थाना पाली से थाना बानपुर, उ.नि. सियाराम वर्मा को पुलिस लाइन से थाना तालबेहट भेजा गया है। इसके अलावा मुख्य आरक्षी अनिल कुमार को थाना सौजना से अभियोजन कार्यालय और आरक्षी विष्णु प्रताप सिंह को थाना कोतवाली से पूराकलां भेजा गया है।

# राजघाट रोड पर सड़क दुर्घटना में एक की मौत

**ललितपुर।** रविवार की रात 8 बजे राजघाट ललितपुर मार्ग पर ग्राम कालापहाड़ के निकट अनियंत्र बुलेरो कार सड़क किनारे पलट गई, जिसके चलते कार चालक की मौत हो गई। वहीं उसमें सवार दो लोग घायल हो गए, उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं बताया गया है कि कार सवार मध्य प्रदेश से ललितपुर में गाड़ी को टायर खरीदने लिए आ रहे थे, कि तभी रास्ते में हादसा हो गया। बताया गया है कि मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिला अंतर्गत थाना बामौराकलां के ग्राम बिजरावन निवासी 30 वर्षीय देवेन्द्र पुत्र सेंदपाल लोधी, 35 वर्षीय महेश पुत्र आशाराम व 25 वर्षीय गौरीशंकर पुत्र कैलाशचन्द्र के साथ बुलेरो कार से रविवार की रात 8 बजे ललितपुर आ रहे थे। जब वह लोग ललितपुर राजघाट मार्ग पर स्थित ग्राम कालापहाड़ के निकट पहुंचे थे कि तभी अचानक बुलेरो कार अनियंत्रित होकर पलटी खाते हुए सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरी, जिसके चलते कार सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। कालापहाड़ के ग्रामीणों ने उन्हें पड़ा देखा तो तत्काल ग्राम प्रधान भवानी सिंह मौके पर पहुंचे और तत्काल घायलों को एम्बुलेंस से मेडीकल कॉलेज भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने देवेन्द्र को मृत घोषित कर दिया। वहीं दोनों युवकों की हालत गंभीर होने पर झांसी मेडीकल कॉलेज रेफर किया गया है।

# ललितपुर में भूमि विवाद और रंगदारी की शिकायत

**निष्पक्ष पैमाइश और वीडियोग्राफी की मांग**



**ललितपुर।** ललितपुर जिले के तालाबपुरा, डोडाघाट मोहल्ले के निवासियों ने जिलाधिकारी के समक्ष एक गंभीर शिकायत दर्ज की है। निवासियों ने आरोप लगाया है कि उनके द्वारा विधिवत खरीदे गए प्लॉट्स पर कुछ दबंग व्यक्तियों द्वारा निर्माण कार्य रोकने, रंगदारी मांगने और जान से मारने की धमकी दी जा रही है। इस मामले में आईजीआरएस संदर्भ संख्या 400167250007844 के तहत गठित जांच टीम से निष्पक्ष पैमाइश और वीडियोग्राफी कराने की मांग की गई है।

**शिकायतकर्ताओं का आरोप**

शिकायतकर्ताओं, जो गरीब और मजदूर वर्ग से हैं ने बताया कि उन्होंने कड़ी मेहनत से पैसे जोड़कर मोहल्ला तालाबपुरा निवासी मुलायम सिंह यादव से आराजी संख्या 3147 में प्लॉट खरीदे थे। इन प्लॉट्स का रजिस्टर्ड बैनामा उनके पास है और दाखिल-खारिज की प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी है। प्रार्थियों ने बताया कि 7 जून 2025 को जब वे अपने प्लॉट्स पर निर्माण कार्य करा रहे थे, तब मोहल्ले के दबंग लोगों ने कुछ चर्चित लोगों से मिलकर मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य रुकवा दिया। इन लोगों ने प्रति व्यक्ति दो लाख रुपये की रंगदारी मांगी और धमकी दी कि यदि मांग पूरी नहीं हुई तो वे निर्माण कार्य नहीं करने देंगे और प्रार्थियों की जान को खतरा होगा।

**पुलिस और प्रशासन को शिकायत**

शिकायतकर्ताओं ने इस घटना की शिकायत पुलिस अधीक्षक, प्रभारी निरीक्षक और आईजीआरएस के माध्यम से उच्च अधिकारियों को दी। पुलिस ने मौके पर जाकर मुआयना किया और आईजीआरएस संदर्भ संख्या 400167250007844 के तहत अपनी आख्या प्रस्तुत की। आख्या में बताया गया कि उप जिला मजिस्ट्रेट, ललितपुर द्वारा विवादित जमीन की पैमाइश के लिए एक टीम गठित की गई है, जो जल्द ही मौके पर पैमाइश कर विवाद का निस्तारण करेगी। पुलिस अधिकारियों ने 5-7 दिनों में विवाद सुलझाने का आश्वासन भी दिया।

**शिकायतकर्ताओं की आशंका**

शिकायतकर्ताओं ने आशंका जताई है कि विपक्षी दबंग, आपराधिक प्रवृत्ति और गैंगस्टर जैसे लोग हैं, जिन्हें पुलिस, राजस्व अधिकारियों और राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है। उन्हें डर है कि पैमाइश में गड़बड़ी हो सकती है। इसलिए, उन्होंने जिलाधिकारी से अनुरोध किया है कि पैमाइश किसी निष्पक्ष एजेंसी के माध्यम से कराई जाए और इसकी वीडियोग्राफी की जाए ताकि पारदर्शिता बनी रहे। शिकायतकर्ताओं ने जिलाधिकारी से मांग की है कि आईजीआरएस संदर्भ संख्या 400167250007844 के तहत गठित टीम द्वारा निष्पक्ष पैमाइश कराई जाए, वीडियोग्राफी सुनिश्चित की जाए और उनके प्लॉट्स पर निर्माण कार्य शुरू करने की अनुमति दी जाए। इससे वे अपने मकानों का निर्माण कर सकें।

**इन व्यक्तियों ने दिया प्रार्थना पत्र**

शिकायतकर्ता में 14 लोग शामिल हैं, जिनमें कौशल्या सेन, किशोरी, प्रीती साहू, उमा, विमला, अंकित, रामकुमारी, खुशबू, अनामिका, पार्वती, मीना, दीपक साहू, सौरभ साहू और विकास शामिल हैं। ये सभी तालाबपुरा, डोडाघाट, थाना कोतवाली, ललितपुर के निवासी हैं। प्रशासन और पुलिस से इस मामले में त्वरित और निष्पक्ष कार्रवाई की उम्मीद की जा रही है।

**शिकायतकर्ताओं ने दी चेतावनी**

शिकायतकर्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि समय पर कार्रवाई नहीं हुई तो उन्हें मजबूरन अन्य कानूनी कदम उठाने पड़ सकते हैं। यह मामला ललितपुर में भूमि विवाद और दबंगई का एक गंभीर उदाहरण प्रस्तुत करता है, जिसके निस्तारण के लिए प्रशासन की तत्परता जरूरी है।

**इनका कहना है**

इस प्रकरण में अशोक जैन अनौरा ने बताया कि भूमि संख्या 3147 स्थित ललितपुर अंदर अंदर तालाबपुरा जिसमें दो एकड़ 82 डिसमिल भूमि मेरे परिवार की एवं मेरे रिश्तेदार की है जो की 30 वर्षों पहले कार्य की थी जिस पर मैं हम सभी कागज दाखिल हैं।

वर्तमान में मुलायम सिंह यादव एवं उनके परिवारजन के द्वारा भूमि संख्या 3147 में अपने हिस्से से अधिक की भूमि पहले ही विक्रय कर दी गई है और और मौके पर विवाद फैलाने के लिए सामाजिक तत्वों को रजिस्ट्री कर रहे हैं और मेरे हिस्से की आराजी पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं जिनको रोकने के लिए जिलाधिकारी के द्वारा मौके की नाप के आदेश किया जा चुके हैं जिसकी टीम गठित हो चुकी है नभ होकर के दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा इस विवाद में राजेश जैन चंद्रा, नरेंद्र कड़की व सीए संजीव, कैलाश, भवानी इत्यादि का कोई लेना देना नहीं है।

# कटरा बाजार चूड़ी लाइन में सार्वजनिक शौचालय निर्माण की मांग



**ललितपुर।** राष्ट्रीय मानव अधिकार सुधार संगठन का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष अशोक स्वर्णकार के नेतृत्व में जिलाधिकारी से मिला, जिसमें उन्होंने जिलाधिकारी का ध्यान नगर ललितपुर के पुराना कटरा बाजार में महिला एवं पुरुष शौचालय सुविधा के लिए एक प्रार्थना पत्र दिया, उनका ध्यान आकर्षण कराया। उन्होंने बताया कि नगर के कटरा बाजार में नारी सौंदर्य एवं चूड़ी और सोने चांदी के आभूषण किराना आदि की बिक्री होती है, जिसमें जिले के दूरस्थ स्थलों से परिवार सहित स्त्री पुरुष व बच्चे व्यापार खरीददारी करने हेतु आते हैं। कटरा बाजार में कामरा परिवार की ओर से प्याऊ स्थापित की गई थी और उसमें दोनों तरफ हाथ ठेला संचालकों द्वारा अतिक्रमण किया गया है। नगर पालिका एवं प्रशासन के लिए यह स्थल शौचालय सुविधा के लिए उपयुक्त स्थान रहेगा और पर्याप्त जगह भी है। यहां शौचालय निर्माण अथवा स्वचालित शौचालय किए जाने से किसी प्रकार की सुविधा नहीं रहेगी। नागरिकों एवं महिलाओं बच्चों को शौचालय संबंधी परेशानियों को राष्ट्रीय मानव अधिकार सुधार संगठन के सदस्यों ने नजदीक से देखा है। इस संबंध में जिलाधिकारी का ध्यान आकर्षित कर सुविधा दिलाया जाने के लिए मांग की गई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अशोक स्वर्णकार, महामंत्री हरविंदर सिंह सलूजा, सतनाम सिंह भाटिया, प्रमोद गोस्वामी, रामस्वरूप निरंजन, देवेंद्र पाठक आदि उपस्थित थे।

# कूटरचित तरीके से कराया बैनामा, बताया फर्जी

**ललितपुर।** मुख्यालय के ग्राम मड़वारी निवासी गुलाब पुत्र सुक्का ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष वाद दायर किया है। बताया कि गांव के कोमल पुत्र धनुवा जो कि एक आपराधिक किस्म का व्यक्ति है ने रामप्रसाद पुत्र भरोसे, सौरभ सिंह पुत्र जगभान सिंह, रनधीर यादव पुत्र देवसिंह यादव, तेजराम व पंकज पुत्रगण रामप्रसाद से साजिश व षडय़ंत्र करते हुये कूट रचित बैनामा बीती 29 सितम्बर 2023 को पंजीकृत कराया है, जिसमें कोमल पुत्र वंशी मड़वारी हाल ग्राम गुरसौरा का नाम अंकित कराया है और उनका नाम बैनामा 18 अक्टूबर को बैनामे में आधार कार्ड नम्बर एक जैसा अंकित किया गया है।

अब कोमल पुत्र धनुवा ने कूटरचित बैनामा पंजीकृत कराया है और जब उसने मुआयना कराया तो जानकारी हुयी कि 30 जनवरी 2024 को शाम 4 बजे मड़वारी में एक पंचायत जोड़ी, जिसमें उक्त लोगों ने आये।

उक्त लोगों से उक्त बैनामा निरस्त कराये जाने की बात कही तो उक्त लोगों ने विवाद के चलते गालियां देकर मारपीट कर दी और धमकी दी कि उक्त आराजी से बेदखल करते हुये उन्हें जान से मार देंगे। पीड़ित के अनुसार इस घटना को गांव के कई लोगों ने देखा। मामले का संज्ञान लेकर न्यायालय ने कोतवाली पुलिस को मुकद्दमा दर्ज कर विवेचना के निर्देश दिये।

# अलग-अलग क्षेत्र से दो दोपहिया वाहन पार

**रायपुर,कासं.।** खम्हारडीह और आमानाका थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने दो दोपहिया वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार अवंतिविहार खम्हारडीह निवासी हरीश महिपाल 26 वर्ष ने खम्हारडीह थाना में शिकायत किया कि वह अपनी केटीएम बाइक क्रमांक सीजी 04 डीजे 2447 को अपने घर के बाहख खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 90 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं ठाकुर वीला आमानाका निवासी विरेन्द्र कुमार यादव 28 वर्ष ने आमानाका थाना में शिकायत किया कि वह अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 07 सीडी 2535 को अपने घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## अवैध शराब के साथ तीन गिरफ्तार

**रायपुर,कासं.।** गोबरानवापारा और धरसींवा पुलिस ने अवैध शराब के साथ तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 71 पाव देशी शराब जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार गोबरानवापारा पुलिस ने ग्राम छाटापारा कठिया रोड में दबिश देकर आरोपी राजेन्द्र देवदास 42 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 31 पाव देशी शराब जब्त किया है। वहीं धरसींवा पुलिस ने ग्राम मलौद भाटापारा में बाइक सवार आरोपी मोहन यादव 33 वर्ष और चंपेश्वर टंडन 27 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से 40 पाव देशी शराब जब्त किया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

# युक्तियुक्तकरण की सकारात्मक पहल से शासकीय माध्यमिक शाला रावाँभाटा में हुई 8 शिक्षकों की पदस्थापना

**अब बच्चों को मिलेगी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा**




**रायपुर,कासं.।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ और संतुलित बनाने के उद्देश्य से लागू किए गए युक्तियुक्तकरण का सकारात्मक असर अब विद्यालयों की कार्यप्रणाली में नजर आने लगा है। इसी पहल के अंतर्गत रायपुर के रावांभाटा स्थित माध्यमिक शाला में 8 शिक्षक की पदस्थापना की गई है, जिससे विद्यालय में शैक्षिक गतिविधियों को मजबूती मिलेगी। पहले जहां 593 विद्यार्थियों में शिक्षक 9 थे वहीं अब युक्तियुक्तकरण के पश्चात अब 17 शिक्षक हो गए है।

पहले जहां भरोसे कम शिक्षक को अत्याधिक कक्षाओं को पढ़ाने, प्रशासनिक कार्यों को निभाने तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का उत्तरदायित्व निभाना पड़ता था, जिससे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना एक बड़ी चुनौती बन चुकी थी। अब युक्तियुक्तकरण के पश्चात नई पदस्थापन से शिक्षा व्यवस्था में कई स्तरों पर सकारात्मक सुधार की उम्मीद की जा रही है। जिले में रावांभाटा के निवासी श्री कुबेर साहू ने बताया कि मेरे दोनों बेटे इसी स्कूल में पढ़ते हैं। जब से पता चला कि नए शिक्षक आ रहे है तब से हम सब अधिक प्रसन्न है। इससे जिससे प्रत्येक शिक्षक को पाठ्यक्रम को समय पर पूर्ण कराने का पर्याप्त अवसर मिलेगा। इससे न केवल बच्चों की सीखने की क्षमता में वृद्धि होगी, बल्कि शिक्षक प्रत्येक विद्यार्थी पर व्यक्तिगत रूप से ध्यान भी दे सकेंगे। विशेषकर कमजोर छात्रों को अतिरिक्त सहयोग और मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जा सकेगा। बच्चों को सफलता प्राप्त करने में सहयोग मिलेगा तथा बच्चों माता पिता का नाम रोशन करेंगे। इस परिवर्तन से ग्रामवासियों और पालकों में विश्वास जगा है कि अब उनके बच्चों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त होगी।

# कलेक्टर ने ली महिला एवं बाल विकास विभाग की बैठक

**सभी सुपरवाईजर अपने सेक्टर के आंगनबाड़ी केन्द्रों का करें दौरा और योजनाओं की साप्ताहित रिपोर्ट प्रदान करें: डॉ गौरव सिंह**



**रायपुर,कासं.।** कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह ने आज महिला एवं बाल विकास के पर्यवेक्षकों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि महिलाओं और बच्चों की कल्याण के लिए शासन की कल्याणकारी योजनाओं का प्राथमिकता के साथ क्रियान्वित करें। उन्होंने पोषण ट्रेकर की समीक्षा की और कहा कि सभी सुपरवाईजर अपने सेक्टर में आने वाले आंगनबाड़ी केन्द्रों का समय पर खुलना और बंद होना सुनिश्चित करें। यह भी ध्यान रखें की केन्द्रों में बच्चों का नियमित रूप से आएं और उन्हें शासन द्वारा निर्धारित पौष्टिक पदार्थ मिले। उनका समय-समय पर वजन-उंचाई का मापन करें और यह अवलोकन करते रहें कि उनका निर्धारित मापदंड के अनुसार विकास हो। केन्द्र में बच्चों को गरम भोजन और माताओं को पूरक पोषण आहार अनिवार्य रूप से मिले। जिससे बच्चें कुपोषण से बाहर आए और स्वस्थ रहें। उन्होंने कहा कि जिन केन्द्रों में बाउंड्रीवॉल एवं अन्य की आवश्यकता हो तो उसकी सूची बनाकर भेजे। कलेक्टर ने कहा कि सभी परियोजना अधिकारी और सुपरवाईजर अपने-अपने सेक्टर में दौरा करें और योजनाओं की प्रगति की साप्ताहिक रिपोर्ट प्रदान करें, जिसमें योजनाओं की प्रगति का उल्लेख भी हो।

साथ ही लक्ष्य के अनुसार अनिवार्य रूप से योजनाओं का क्रियान्वयन करें। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त श्री विश्वदीप और जिला कार्यक्रम अधिकारी सुश्री शैल ठाकुर सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# एचआरपी क्लीनिक लगाकर की 1128 महिलाओं की जांच, 534 निकलीं हाईरिस्क गर्भवती

**जिले के 23 सरकारी अस्पतालों में एक साथ लगाई गई एचआरपी क्लीनिक, मातृ एवं शिशु मृत्यु दर पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से लगाई जा रहीं है, एच. आर.पी. क्लीनिक**



**ग्वालियर।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत सोमवार को जिले के 23 सरकारी अस्पतालों में एक साथ एचआरपी क्लीनिक लगाकर गर्भवती माताओं की जांच की गई। इन क्लीनिकों पर 1028 गर्भवती महिलाओं की जांच की गई। इनमें से 534 महिलाओं को हाई रिस्क (अधिक जोखिम) गर्भवती माताओं के रूप में चिन्हित किया गया। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत हर माह की 9 व 25 तारीख की चिन्हित स्वास्थ्य संस्थाओं में एचआरपी क्लीनिक लगाकर हाईरिस्क गर्भवती माताओं की जांच की जाती है। ग्वालियर जिले में राज्य शासन के दिशा-निर्देशों के तहत कलेक्टर श्रीमती रुचिका सिंह चौहान के निर्देशन में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से सुव्यवस्थित ढंग से प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत हाईरिस्क गर्भवती माताओं के चिन्हांकन व जांच के साथ-साथ उन्हें जरूरी स्वास्थ्य सेवायें मुहैया कराई जा रही हैं। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दीपावली माथुर ने बताया कि ने बताया कि जिले में 23 स्वास्थ्य संस्थाओं में आयोजित हुई एचआरपी क्लीनिक में 1128 गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क सोनोग्राफी, हीमोग्लोवबिन सहित खून की अन्य जांचे और यूरिन की जांच भी कराई गई। इनमें से 534 महिलाओं को हाई रिस्क गर्भवती माताओं के रूप में चिन्हित किया गया। इनमें से 30 महिलाओं को अस्पताल में भर्ती कराया गया और 249 महिलाओं की अल्ट्रासोनोग्राफी जांच की गई। साथ ही 77 महिलाओं को आयरन सुक्रोज इंजेक्शन लगाया गया। साथ ही महिलाओं को फल और पौष्टिक आहार भी उपलब्ध कराया गया। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्रीमती चौहान ने चिन्हित हाई रिस्क गर्भवती माताओं का प्रसव होने तक लगातार फोलोअप कराने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिए है। जिसके तहत हर माह की 9 व 25 तारीख को चिन्हित स्वास्थ्य संस्थाओं में एचआरपी वलीनिक लगाकर हाईरिस्क गर्भवती माताओं की जांच की जाएगी।

**इन संस्थाओं में लगाई गईं एचआरपी क्लीनिक**

जिले में जिन 23 स्वास्थ्य संस्थाओं में एचआरपी क्लीनिक लगाई गई। इनमें जिला चिकित्सालय मुरार, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हस्तिनापूर, भितरवार, मोहना, डबरा व दीनदयालनगर शामिल हैं। इसके अलावा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र उटीला, चीनौर, वीरपुर, आतरी, पिछोर व कुलैध, प्रसूति गृह माधौगंज व बिरलानगर, यूपीएचसी लक्ष्मीगंज, हुरावली, पंतनगर, ठाठीपुर, बहोड़ापुर, निम्माजी की खो व सिविल हॉस्पिटल हजीरा, सिविल डिस्पेंसरी जनकगंज व सिविल अस्पताल हेमसिंह की परेड शामिल हैं।

# कलेक्ट्रेट तिराहे से एम.के सिटी मार्ग सिरोल तिराहा तक की सफाई

**मेगा ड्राइव फॉर माइक्रो डस्ट क्लीनिंग के तहत आयोजित कार्यक्रम**



**ग्वालियर।** नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत ग्वालियर में वायु सुधार हेतु जन जागरूकता कार्य के अंतर्गत मेगा ड्राइव फॉर माइक्रो डस्ट क्लीनिंग प्रोग्राम के तहत कलेक्ट्रेट तिराहा से एम.के सिटी मार्ग सिरोल तिराहा तक अभियान चलाकर सड़कों की साफ सफाई कराई गई तथा आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशानुसार शहर की वायु सुधार हेतु अनेक कार्य किए जा रहे हैं। इसी के तहत आज मेगा ड्राइव फॉर माइक्रो डस्ट क्लीनिंग प्रोग्राम के तहत आज नगर पालिक निगम ग्वालियर की सहयोगी संस्था म्यूज फाउंडेशन एवं संस्था डिवाइन द्वारा नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत कलेक्ट्रेट तिराहा से एम.के सिटी मार्ग सिरोल तिराहा तक माइक्रो डस्ट क्लीनिंग का कार्य किया गया एवं दुकानों पर जागरूकता के लिए पेम्प्लेट्स भी लगाए गए और समझाइश दी गई। इसमें डिवाइडर और फुटपाथ के आस पास की मिट्टी और कचरा साफ करवाया गया, रोड पर सभी आमजनों को साफ सफाई रखने, डस्टबिन का उपयोग करने कचरा न जलाने की सलाह दी एवं वायु प्रदूषण के रोकथाम के उपायों के बारे में समझाया गया। कचरा डस्टबिन में ही डालने हेतु जुर्माना संबंधी बोर्ड और स्टीकर लगाए गए। वहीं दूसरी तरफ अपना शहर अपनी धरोहर' क्षेत्र में कार्य करते हुए टीम के द्वारा आमजन को भी जल प्रदूषण के रोकथाम के लिए उपाय बताते हुए स्वच्छता का संकल्प दिलवाया गया। अभियान के दौरान नोडल अधिकारी आईईसी श्री मुकेश बंसल, सहायक नोडल अधिकारी श्री शैलेंद्र सक्सेना, श्री देवेन्द्र निम सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। चेतकपुरी पेट्रोल पम्प से मांढरे की माता चौराहा होते हुए हजार बिस्तर अस्पताल तक नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम आज नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत सुबह 7 बजे से दिनांक 10 जून 2026 को चेतकपुरी पेट्रोल पम्प से मांढरे की माता चौराहा होते हुए हजार बिस्तर अस्पताल तक जन भागीदारी द्वारा वायु सुधार कार्यक्रम हेतु साफ सफाई कर नागरिकों को जागरुक किया जाएगा।

# के डी सोनकिया सचिव, किशोर सिंह कोषाध्यक्ष बनाए गए



**ग्वालियर,नसं.।** मध्य प्रदेश पुलिस सेवानिवृत्त राजपत्रित अधिकारी संघ ग्वालियर की द्विमासिक बैठक पुलिस अफसर मैस कम्पू ग्वालियर पर आयोजित की गई , जिसकी अध्यक्षता संघ के संयोजक सेवानिवृत्त अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री आर सी छारी के द्वारा की गई और मुख्य अतिथि आयुर्वेद के जानेमाने चिकित्सक डॉ धर्मेंद्र रिछारिया रहे। संघ की ओर से बताया गया है कि संघ के सचिव रहे श्री हाकिम सिंह यादव सेवा निवृत डी एस पी का कार्यकाल पूर्ण होने के पश्चात , उनके द्वारा पद छोड़ देने से सचिव का पद रिक्त हो गया था ,जिस पर संघ की बैठक में विचार किया गया और सर्व सम्मति से श्री के डी सोनकिया रिटायर्ड डी एस पी,जो कि अभी तक संघ के कोषाध्यक्ष थे को , सचिव तथा श्री किशोर सिंह भदोरिया सेवानिवृत डीएसपी को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपने की घोषणा श्री आर सी छारी द्वारा की गई ,जिसका सभी सदस्यों द्वारा करतल ध्वनि से स्वागत किया गया और दोनों पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर ,बधाई दी गई। कार्यक्रम का संचालन करते हुए श्री सौनकिया द्वारा संघ का आय व्यय का लेखाजोखा भी पेश किया गया। संघ के सदस्य सेवानिवृत्त उप पुलिस अधीक्षक श्री प्रफुल्ल कुमार द्विवेदी के सुपुत्र श्री पवनकुमार द्विवेदी के मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के जज बनाये जाने पर श्री प्रफुल्ल कुमार द्विवेदी का सम्मान और स्वागत संघ के द्वारा किया गया। जानेमाने आयुर्वेद चिकित्सक डॉ धर्मेंद्र रिछारिया द्वारा विभिन्न बीमारियों के निदान और उत्तम स्वास्थ्य बनाये रखने के लिए अपनाई जाने वाली जीवनचर्या पर प्रकाश डाला । कार्यक्रम के अंत में श्री राकेश सिन्हा द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# निगमायुक्त ने किया क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 04 व 05 का निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा निर्देश



**ग्वालियर।** नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 4 व 5 का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री श्री सुशील कटारे, भवन अधिकारी श्री यशवंत मैकले, क्षेत्राधिकारी श्री रामसेवक शाक्य, श्री अभय प्रताप सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 04 व 05 का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय कार्यालय कर्मचारियों के साथ ही कचरा वाहन पर चलने वाले ड्राइवरों की उपस्थिति देखी एवं समस्त कर्मचारियों के कार्य के संबंध में जानकारी ली तथा क्षेत्रीय कार्यालय के आसपास साफ सफाई करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही समग्र ई केवायसी की समीक्षा कर समग्र ई केवायसी में प्रोग्रेस लाने के साथ ही डुप्लीकेट समग्र आईडी हटाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान यह भी निर्देश दिए कि क्षेत्र में जर्जर भवनों को चिन्हित कर नोटिस जारी करें तथा भवनों को चिन्हित कर रैन वाटर हार्वेस्टिंग करायें तथा नालों की सफाई कार्ययोजना बनाकर करें बरसात में कहीं भी जलभराव की स्थिति न उत्पन्न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए एवं नालों पर किए गए अतिक्रमण को भी हटाने की कार्यवाही करें। कार्य में लापरवाही बरतने पर क्षेत्रीय कार्यालय 4 के संबंधित टीसी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। निगमायुक्त ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कुए, बावड़ी आदि की सफाई करने के निर्देश भी दिए। साथ ही सभी कर्मचारियों को निर्देश दिए कि सार्थक एप पर अपनी उपस्थिति दर्ज करें।

# एमएलसी/पीएम पंजीकरण ऑनलाइन सीसीटीएन के माध्यम से ऑनलाइन किया जाएगा



**मुरैना,कांस।** राज्य अपराध अभिलेख पुलिस मुख्यालय भोपाल के आदेशानुसार एमएलसी/पीएम रिपोर्ट ऑफलाइन तैयार ना होकर अब ऑनलाइन तैयार होगी। जिससे किसी प्रकार की जानकारी भेजने में देर नहीं होगी और जानकारी सही तैयार होगी।इस संबंध में कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मुरैना में पुलिस, स्वास्थ्य और महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर नवीन कानून के अंतर्गत एमएलसी, पीएम रिपोर्ट की समीक्षा के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इसके लिये बुधवार को जिला मुख्यालय पर प्रशिक्षण दिया जाएगा , जिसके लिए मास्टर ट्रेनर्स तैयार किया जाये।प्रशिक्षण में एसडीओपी, बीएमओ, सीडीपीओ के अलावा संबंधित अधिकारी के कम्प्यूटर ऑपरेटर भी मौजूद रहेंगे। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री समीर सौरभ, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री सुरेन्द्र पाल सिंह डाबर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, महिला बाल विकास अधिकारी एवं सिविल सर्जन सहित समस्त बीएमओ, समस्त सीडीपीओ तथा मैदानी स्वास्थ्य कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने इस संबंध में समस्त एसडीओपी, सीडीपीओ, बीएमओ सहित वाट्सएप ग्रुप पूरे जिले का तैयार करने के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिये। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन एमएलसी तैयार करने के लिये 07 दिवस के अंदर प्रशिक्षण से लेकर कम्प्यूटर संचालन की व्यवस्था अधिकारी त्वरित करें। जिससे जिले में अगले सोमवार से ऑनलाइन एमएलसी कार्य प्रारंभ हो सके। पुलिस अधीक्षक श्री समीर सौरभ ने कहा कि सभी थानों को निर्देशित किया जाये कि एमएलसी/पीएम पंजीकरण केवल सीसीटीएनएस के माध्यम से ऑनलाइन किया जाये। प्राप्त एमएलसी/पीएम संख्या के माध्यम से MedLePR पोर्टल से ऑनलाइन रिपोर्ट प्राप्त कर सीसीटीएनएस में दर्ज की जाये। उन्होंने विगत तीन माह में भेजी गई एमएलसी प्राप्त रिपोर्ट के आंकड़ो में आ रहे अंतर पर विस्तार से चर्चा की।

# संभागीय आईटीआई में शोर्ट टर्म कोर्स करने का सुनहरा मौका, दसवीं पास युवा कर सकते है यह कोर्स

## पहले आओ- पहले पाओ सिद्धांत पर दिया जाएगा प्रवेश

**ग्वालियर।** शासकीय संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में स्पोक एंड हब मॉडल पर युवाओं को स्वरोजगार एवं कौशल विकास के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बेसिक इलेक्ट्रीशियन, बेसिक कंप्यूटर व बेसिक ऑटो कैड जैसे शोर्ट टर्म कोर्स शुरू होने जा रहे है। एक माह अवधि के ये शोर्ट टर्म कोर्स 16 जून से शुरु होंगे। जिले के युवाओं को यह शोर्ट टर्म कोर्स करने का सुनहरा मौका है। संभागीय आईटीआई के प्राचार्य श्री महेश आर्य ने बताया कि इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से प्रतिभागियों को तकनीकि ज्ञान, आधुनिक उपकरणों का व्यवहारिक अनुभव तथा उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुसार प्रशिक्षित किया जाएगा। इन शोर्ट टर्म कोर्स में 20 प्रशिक्षणार्थियों को मौका मिलेगा। हाई स्कूल (दसवीं) पास युवा शोर्ट टर्म कोर्स में शामिल हो सकते हैं। पहले आओ-पहले पाओ सिद्धांत के आधार पर इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिया जाएगा। प्रशिक्षण शुल्क 250 रूपये रखा गया है। शोर्ट टर्म कोर्स करने के इच्छुक अभ्यर्थी संभागीय आईटीआई में संपर्क कर सकते है। साथ ही मोबाईल फोन नम्बर 9826526051 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

# सभी ग्रुप सी एवं डी रैकिंग वाले विभाग सीएम हेल्पलाइन के निराकरण में गति लायें

**समस्त सीईओ ''जल गंगा संवर्धन'' के कार्यो को समय-सीमा में पूर्ण करें, पीडब्लयूडी ईई एवं पीएमजेएसवाय का 07 दिवस का वेतन काटने के निर्देश एवं कारण बताओ नोटिस जारी, सीईओ सबलगढ़ का 03 दिवस का वेतन काटने के निर्देश, जिला शिक्षा अधिकारी का तीन दिवस का वेतन एवं शिक्षा विभाग के एल-1 अधिकारियों का वेतन काटने के निर्देश दिये, होमगार्ड कमानडेन्ट को कारण बताओ नोटिस, कलेक्टर की अध्यक्षता में टीएल बैठक संपन्न**



**मुरैना,कांस।** 06 माह से 01 वर्ष के बटवारा के प्रकरण जो भी लंबित है, आगामी एक सप्ताह में निराकरण कर लें। 03 से 06 माह के लंबित 90 प्रकरणों पर फोकस करें। सीमांकन के 03 माह से लंबित प्रकरणों पर अभियान चलाकर कार्यवाही करें, साइबर तहसील के लंबित प्रकरण 07 दिवस में निराकृत करें, सभी सीएमओ नाले-नालियों का सफाई अभियान जारी रखें। डुप्लीकेट समग्र आईडी डिलीट करने का कार्य सभी संबंधित अधिकारी तत्परता से जारी रखें। सभी सीईओ ''जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत खेत-तालाब निर्माण के लिये सुधारात्मक कार्यवाही करें। सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण में राजस्व, स्वास्थ्य, पुलिस, परिवहन विभाग तेजी लायें। ये निर्देश कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने सोमवार को आयोजित टाइम लिमिट की बैठक में अधिकारियों को दिये। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री सीबी प्रसाद, नगर निगम कमिश्नर, संयुक्त कलेक्टर, समस्त एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर, जिला अधिकारी, जनपद सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ सहित तहसीलदार उपस्थित थे। कलेक्टर द्वारा आरसीएमएस पोर्टल की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान नामांतरण के 1147 प्रकरण लंबित हैं, समस्त तहसीलदारों को 15 दिवस में निराकरण कर अमल कराने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि बंटवारा के 90 प्रकरण 03 से 06 माह के लंबित हैं, समस्त तहसीलदार एक सप्ताह में निराकरण कराना सुनिश्चित करें। सीमांकन के 555 प्रकरण 3 माह से लंबित हैं, समस्त तहसीलदार अभियान चलाकर इसी माह निराकरण कराना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि सायबर तहसील में 110 प्रकरण 10 दिवस से अधिक समय के लंबित हैं, 04 दिवस में पूर्ण करें। इन्द्राज दुरूस्ती के प्रकरण अम्बाह, मुरैना, जौरा में अधिक लंबित हैं, संबंधित एसडीएम निराकरण कराना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने आगामी बरसात को देखते हुए नाले-नालियों के सफाई अभियान की समीक्षा की। जिसमें पोरसा नगर पालिका में एमपीआरडीसी नाला निर्माण करायें, जब सफाई कार्य होगा। जलभराव वाले स्थानों के मकान मालिकों पर जुर्माने की कार्यवाही करने के निर्देश समस्त सीएमओ नगर पालिका को दिए। उन्होंने समग्र आईडी में ई-केवायसी की समीक्षा की। सीईओ जनपद पंचायत सबलगढ़ द्वारा 1000 लक्ष्य के विरूद्ध 617 आईडी में कार्य किया गया। इस पर कलेक्टर ने 03 दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने खाद्यान पात्रता पर्ची में ई-केवायसी की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान पाया कि सबसे कम नगर पालिका सबलगढ़ में 86 प्रतिशत, जनपद पंचायत पोरसा एवं सबलगढ़ में 87 प्रतिशत कार्य हुआ है। इस संबंध में कलेक्टर ने एक सप्ताह में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने ''जल गंगा संवर्धन'' योजना की समीक्षा की। जिसमें अमृत सरोवर 22 में 17 प्रगतिरत हैं, 05 शेष रह गए हैं। अमृत सरोवर राजस्व अभिलेख में इन्द्राज होने को 142 शेष है। कलेक्टर ने समस्त सीईओ एवं समस्त तहसीलदार को निर्देश दिये कि तत्काल कार्य पूर्ण करें। डुप्लीकेट समग्र आईडी के सत्यापन कार्य की समीक्षा की गई। नगर निगम मुरैना में 2750, जनपद पंचायत मुरैना में 3074, जनपद पंचायत अम्बाह में 2634, जनपद पंचायत जौरा में 2131 आईडी सत्यापन के लिए शेष है। संबंधित अधिकारी एक सप्ताह में कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने छात्रवृत्ति कार्य की समीक्षा की। समीक्षा में पाया कि पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के पोर्टल पर 904 हितग्राही एप्रूवल के लिए लंबित है। अनुजाति, जनजाति कल्याण विभाग में प्राचार्य, डीआईईटी के लंबित है।

संबंधित अधिकारी एक सप्ताह में कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। बैठक में आयुष्मान योजना की समीक्षा की गई। 70 प्लस आयु वालों के भी लक्ष्य के विरुद्ध प्रगति कम है, मुरैना जिले की 9वी रेन्क है। कलेक्टर ने 70 वर्ष से अधिक आयु वाले नागरिकों का डाटा जिला पंचायत से निकलवाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आगामी शनिवार को समस्त राजस्व न्यायालयों के प्रवाचकों का प्रशिक्षण आयोजित कराने के निर्देश अपर कलेक्टर को दिए। आगामी बरसात को देखते हुए कलेक्टर द्वारा समस्त निर्माण विभागों को रपटों एवं पुल-पुलिया पर चेतावनी का बोर्ड दोनों तरफ लगाने एवं जियो टेग फोटो भेजने के निर्देश दिए गए थे। परन्तु महाप्रबंधक, पीएमजीएसवाय द्वारा जियोटेग फोटो जिला आपदा प्रबंधन शाखा में नहीं भेजे।

# एसडीओ एवं थाना प्रभारी द्वारा कोचिंग संस्थानों के निरीक्षण कर संचालक को आवश्यक निर्देश दिए



**मुरैना,कांस।** पुलिस अधीक्षक समीर सौरव द्वारा जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में संचालित कोचिंग संस्थानों के आसपास सुरक्षा का बटन निमित्त करने कोचिंग संस्थानों पर आरक्षण आकस्मिक भ्रमण करने संबंधी निर्देश दिए गए थे उक्त निर्देश के पालन में अर्थ पुलिस अधीक्षक मुरैना सुरेंद्र पाल सिंह डाबर के मार्गदर्शन में अंबा एसडीओ भी रवि भदोरिया एवं थाना प्रभारी सतेंद्र सिंह कुशवाहा द्वारा फोर्स के साथ अम्बाह कस्बा के हाथी गड्ढा में क्षेत्र में स्थित कोचिंग स्थान में आने वाले संभावित सामाजिक तत्वों पर बिना नंबर की बाइक चलाने वाले को चेक कर आवश्यक एवं वैधानिक कार्रवाई की गई भ्रमण के दौरान एसडीओ की लंबाई में अम्बाह थाना प्रभारी द्वारा खूनी स्थान की चेकिंग की गई जिसमें सुरक्षा से जुड़े उपकरणों को मुख्य रूप से जांच की गयी। सभी कोचिंग संचालकों से एक निर्धारित प्रारूप में जानकारी प्राप्त की गई कोचिंग संचालक द्वारा बताई गई समस्याओं को चुना गया और सभी कोचिंग संचालकों की छात्राओं को पुलिस कंट्रोल रूम मुरैना वह अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के मोबाइल नंबर उपलब्ध कराए गए साठी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए कोचिंग पर सर में सभी सीसीटीवी कैमरे कार्यशील स्थिति में हो और रिकॉर्डिंग की सुविधा उपलब्ध हो छात्रों के अभिभावकों की संपूर्ण जानकारी अभिलेख कोचिंग संस्था के अभिलेख में उपलब्ध हो प्रत्येक छात्र का पहचान पत्र अनुराधा रूप से जारी किया जाना चाहिए संस्थान की वेद पेंशन की स्थिति संचालन का समय पर स्टाफ का विवरण कोचिंग संचालकों को सख्त निर्देश दिए गए के उपरोक्त सभी मापदंडों को पूरी गंभीरता के पालन सूचित करें जिन संस्थाओं द्वारा इन दिशा निर्देशों का उल्लंघन किया जाता है उनके विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी और शिक्षा विभाग में एसडीएम के सहयोग से संबंधित संस्था को सील कर दिया जाएगा।

# श्रीमद भागवत कथा में कृष्ण जन्म,श्री राम जन्म एवं भक्त प्रहलाद के चरित्र का वर्णन किया



**झुण्डपुरा।** नगर के कैनाल नहर किनारे स्थित प्राचीन धोरेट सरकार मन्दिर पर चल रही श्रीमद्भागवत पुराण कथा में कृष्ण जन्म, श्री राम जन्म और भक्त प्रहलाद के चरित्र का वर्णन किया गया। कथावाचक पण्डित लवकुश शर्मा ने धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष के महत्व पर प्रकाश डाला और बताया कि कैसे मनुष्य जीवन दुर्लभ है. कथा में, कृष्ण जन्म की कथा का वर्णन किया गया, साथ ही राम जन्म और प्रहलाद की भक्ति की कहानी भी सुनाई गई ,श्रीमद् भागवत कथा में श्री कृष्ण जन्म उत्सव, श्री राम जन्म एवं भगवान बावन अवतार के उत्सव के मौके श्रीमद्भागवत सुनने उमड़ा जनसैलाब, कैनाल नहर किनारे धोरेट सरकार मन्दिर पर चल रही कथा में कस्बे झुण्डपुरा ललपुरा सहित अन्य गांवों श्रोतागण कथा सुनने पहुँचे , कथावाचक लवकुश शर्मा जी महाराज ने सोमवार को कहा कि लोगों को अपने जीवन में गुरु दीक्षा अवश्य लेना चाहिए। क्योंकि गुरु के बिना भगवान नही मिल पाता है। सनातन संस्कृति को बचाने सत्संग जरूरी है । इस अवसर पर जगदीश मरैया श्रीराम शर्मा कमलेश व्यास देवी शर्मा कमल शर्मा दुर्गेश शर्मा कमरलाल कुशवाहा रामनाथ रावत बृजमोहन रावत मोहन कार्यकर्ता सहित सैकड़ों श्रोता मौजूद रहे!

उत्तर मध्य रेलवे
ई-प्रापण निविदा सूचना संख्या- [illegible] दिनांक- [illegible]
ई-प्रापण निविदा सूचना
[illegible]

| क्रम संख्या | निविदा संख्या | विवरण | मात्रा | निविदा खुलने की दिनांक |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| 1 | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] |

नोट- [illegible] http://www.ireps.gov.in [illegible] 894/25 (ADM)
North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

उत्तर मध्य रेलवे
सार्वजनिक सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि झांसी मंडल के BWH-IKA खंड के 2nd लाइन विद्युतीकरण के संबंध में दि. 09.06.25 तथा 10.06.25 को लोकोपीड trial, 11.06.25 को प्रमुख मुख्य विद्युत अभियंता, उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज द्वारा इस खंड में गति परीक्षण एवं विद्युतीकरण का निरीक्षण किया जाना है। तत्पश्चात् दिनांक 13.06.25 को रेल सुरक्षा आयुक्त [illegible] द्वारा इस खंड में निरीक्षण एवं गति परीक्षण किया जाएगा। निरीक्षण के पश्चात् इस खंड की 2nd लाइन का विद्युतीकरण संचालित कर दिया जाएगा। आस पास के सभी नागरिकों से अनुरोध है कि दिनांक 09.06.25 के उपरांत विद्युत के तार और खम्भों से दूर रहें, रेल लाइन के आस-पास न बैठें, और न ही अनाधिकृत रूप से पार करें एवं अपने मवेशियों को रेल पटरी से दूर रखें। [illegible] रेलवे अधिनियम के अन्तर्गत दंडनीय अपराध है और इसके लिये जुर्माना व जेल अथवा दोनों हो सकते हैं। 998/25(DG)
North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

उद्योग एवं रोज़गार वर्ष 2025

इन्वेस्ट मध्यप्रदेश
अनंत संभावनाएं



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

## प्रदेश के कृषि फीडर्स को सौर ऊर्जीकृत करने का अभियान




## व्यापक निवेश अवसर

# 'सूर्य मित्र कृषि फीडर योजना' समिट

10 जून, 2025 | प्रातः 10:00 से सायं 6:00 बजे तक
कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेन्टर, भोपाल

मुख्य अतिथि

**मुख्यमंत्री, डॉ. मोहन यादव**

### समिट के मुख्य आकर्षण

- सौर संयंत्रों की स्थापना हेतु जारी निविदा संबंधी जानकारी
- शासकीय संस्थाओं द्वारा अपनाई जाने वाली स्टैन्डर्ड ऑपरेटिंग प्रक्रिया की जानकारी
- बैंकों एवं इनवर्टर निर्माताओं के साथ परियोजनाओं की वित्तीय एवं तकनीकी व्यवस्थाओं पर परिचर्चा

### योजना के प्रमुख उद्देश्य

- मध्यप्रदेश पावर मैनेजमेंट कंपनी को कम मूल्य पर बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित कराना
- ट्रांसमिशन हानि कम करना एवं सीधे खपत स्थल पर बिजली पहुंचाना
- 33/11 केवी उपकेंद्रों पर ओवरलोडिंग, लो-वोल्टेज और पावर कट की समस्या कम करना
- किसान को सिंचाई के लिये दिन में बिजली उपलब्ध कराना

### नवीकरणीय ऊर्जा का विस्तार

- सब-स्टेशन की 100% क्षमता तक की परियोजनाओं की स्थापना
- परियोजनाओं को पीएम कुसुम-सी योजनांतर्गत उपलब्ध केंद्रीय अनुदान का लाभ लेने का विकल्प
- 1900 से अधिक विद्युत सबस्टेशन एवं 14500 मेगावॉट क्षमता सौर परियोजनाओं के चयन हेतु उपलब्ध
- पीएम कुसुम योजना में 3.45 लाख पम्प का लक्ष्य
- वोकल फॉर लोकल - स्थानीय उद्यमियों के लिए निवेश एवं रोज़गार सृजन का उचित अवसर
- वित्त पोषण की सुगमता के लिए बैंकों से समन्वय
- परियोजनाओं में AIF के तहत 7 वर्षों तक 3% ब्याज में छूट
- Reactive Power प्रबंधन से अतिरिक्त आय

सीधा प्रसारण @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

D-11043/25

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025